आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

" आज
भगवान शनि जन्मोत्सव "

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 120 | उज्जैन, शनिवार 16 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों और एएसआई की सर्वे रिपोर्ट व अयोध्या केस फैसले को आधार बताया

# धार भोजशाला को हाईकोर्ट ने वाग्देवी मंदिर माना

## मुस्लिमों को नमाज की इजाजत देने का आदेश खारिज, मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर/धार

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने धार की भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा- हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना। न्यूज वेबसाइट बार एंड बेंच के मुताबिक, हाईकोर्ट ने कहा- ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है। केंद्र सरकार और अरक यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का मैनेजमेंट कैसा रहेगा।

अदालत ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था।



भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताते रहे मुस्लिम पक्ष को कोर्ट ने सरकार से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा है।

### हाईकोर्ट के फैसले

- हाईकोर्ट ने कहा कि भोजशाला में सरस्वती मंदिर और संस्कृत शिक्षा केंद्र के साक्ष्य पाए गए हैं।
- कोर्ट ने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई सर्वे के साथ अयोध्या केस को भी आधार माना।
- कोर्ट ने कहा- हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन स्मारकों और मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। साथ ही गर्भगृह और धार्मिक आस्था से जुड़ी देव प्रतिमाओं का भी संरक्षण करे।

### सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष

धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा है कि हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है। सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने तथ्य रखे थे। हम फैसले की समीक्षा करेंगे। इसके बाद हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। फिलहाल, भोजशाला के मेन गेट पर बैरिकेड्स लगाकर इसे बंद कर दिया गया है। इसके बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

यह मामला 2022 में शुरू हुआ, जब रंजना अग्निहोत्री और अन्य ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय करने और हिंदू समाज को पूर्ण अधिकार देने की मांग की। याचिका में नियमित पूजा-अर्चना का अधिकार, परिसर में नमाज पर रोक, ट्रस्ट गठन और ब्रिटिश म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा वापस लाने जैसी मांगें शामिल हैं।

## देश विदेश

### भारत और यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता

**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई दौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की।

### आरबीआई का बड़ा एक्शन, 150 एनबीएफसी का रजिस्ट्रेशन रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने देशभर के वित्तीय क्षेत्र में बड़ा झटका देते हुए एक साथ 150 नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद लाखों ग्राहकों के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है, खासकर उन लोगों में जिन्होंने इन कंपनियों में फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी कर रखी है या फिर उनसे लोन लिया हुआ है। आरबीआई की इस सख्त कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि अब ग्राहकों के पैसे और चल रहे लोन का क्या होगा। आरबीआई की कार्रवाई में सबसे ज्यादा प्रभावित कंपनियां पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली की हैं।

### मौनी रॉय और सूरज नांबियार का तलाक



**शादी के 4 साल बाद अलग होने का फैसला बोले- आपसी सहमति से शादी खत्म की**

**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी रॉय और बिजनेसमैन सूरज नांबियार ने अनबन की खबरों के बीच अब आधिकारिक तौर पर अपने तलाक की पुष्टि कर दी है। गुरुवार को मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट नोट जारी कर बताया कि वे अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। दोनों ने इस मुश्किल समय में प्राइवेसी की मांग की है और मीडिया में चल रही खबरों पर नाराजगी भी जताई है। मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कमेंट्स सेक्शन को बंद कर दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम सभी से विनम्र निवेदन करते हैं कि हमें प्राइवेसी और गरिमा दें। मेरे या सूरज के बारे में कोई झूठी कहानियां न फैलाएं। उम्मीद है कि आप इस मुश्किल समय में हमें निजी समय देंगे। बोले- आपसी सहमति से फैसला लिया अपने नोट में कपल ने बताया कि उन्होंने आपसी समझ और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा, मीडिया के कुछ हिस्सों द्वारा हमारी पर्सनल लाइफ में अनावश्यक दखल दिया जा रहा है। हमने आपसी सहमति से अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है और हम निजी तौर पर इस मामले को सुलझाने के लिए समय ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जो बातें फैलाई जा रही हैं, वे हकीकत से कोसों दूर हैं और वे भविष्य में भी अपनी दोस्ती को बनाए रखने की कोशिश करेंगे। तलाक की ये खबरें तब शुरू हुईं जब फैंस ने गौर किया कि मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। बात सिर्फ अनफॉलो करने तक ही सीमित नहीं रही, सूरज ने अपनी प्रोफाइल से शादी की कई पुरानी तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि, मौनी की प्रोफाइल पर अब भी कुछ तस्वीरें मौजूद हैं।

### केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को, पीएम मोदी अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को होने की संभावना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सभी केंद्रीय मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्रियों और अन्य केंद्रीय राज्य मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के अलग-अलग पहलुओं के अलावा, मंत्रालयों और विभागों के कामकाज की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। मोदी 3.0 सरकार के दो साल पूरे होने से पहले कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस सरकार ने 10 जून, 2024 को शपथ ली थी। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट का विस्तार और फेरबदल जून के दूसरे सप्ताह में हो सकता है।

### कराची की कोकीन क्वीन पिंकी गिरफ्तार

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में पिछले 17 वर्षों से कथित तौर पर नशे का बड़ा नेटवर्क चला रही कोकीन क्वीन अनमोल उर्फ पिंकी की गिरफ्तारी ने पूरे पाकिस्तान में सनसनी फैला दी है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार की गई पिंकी पर आरोप है कि वह कराची के पॉश इलाकों, हाई-प्रोफाइल पार्टियों और बड़े कॉलेजों में कोकीन और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई करती थी। जांच एजेंसियों का दावा है कि उसके नेटवर्क में 800 से ज्यादा वीआईपी क्लाइंट शामिल थे, जिनमें प्रभावशाली कारोबारी, पार्टी सर्किल से जुड़े लोग और उच्च वर्ग के युवा शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिंकी का ड्रग्स नेटवर्क बेहद संगठित और हाईटेक तरीके से संचालित होता था।

## श्रम विभाग की शुरुआती जांच रिपोर्ट में हादसे की वजह आई सामने

# अधूरी फैक्ट्री में ही शुरू कर दिया पटाखा निर्माण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के देवास में हुए भीषण पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में श्रम विभाग की शुरूआती जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। इस हादसे को लेकर श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी तौर पर दुर्घटना की मुख्य वजह मैग्नीशियम पाउडर की केमिकल रिएक्शन हो सकती है।

आशंका जताई जा रही है कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान मैग्नीशियम पाउडर का पानी से संपर्क हो गया, जिससे यह जोरदार धमाका हुआ। इसके अलावा, एक थ्योरी यह भी है कि इस बारूद की हैंडलिंग के दौरान स्टैटिक चार्ज डेवलप हो गया, जिसने 'सेल्फ इग्निशन' (स्वतः आग पकड़ने) का काम किया। फिलहाल मौके से सबूत जुटाकर बयानों के आधार पर विस्तृत जांच की जा रही है।



### लापरवाही उजागर

श्रम विभाग की इस शुरूआती रिपोर्ट ने प्रबंधन की उन गंभीर लापरवाहियों को भी उजागर कर दिया है, जो इस हादसे की नींव बनीं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कारखाना अभी पूरी तरह बनकर तैयार भी नहीं हुआ था। निर्माणाधीन कारखाने में ही बेहद जल्दबाजी दिखाते हुए पटाखों का विनिर्माण काम शुरू कर दिया गया था। यानी जब बुनियादी सुरक्षा ढांचे की टेस्टिंग होनी चाहिए थी, तब वहां धड़ल्ले से बारूद का खेल चल रहा था।

## मंडी बोर्ड में अब सभी बैठकें होंगी ऑनलाइन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने पेट्रोल-डीजल और संसाधनों की बचत को देखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक ने अब बोर्ड में होने वाली सभी बैठकों को ऑनलाइन मोड पर आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही यह प्रदेश का पहला सरकारी विभाग बन गया है जिसने बैठकों और विभागीय कार्यवाही को पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित करने का फैसला लिया है।

## नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे।

उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।'

शिक्षा मंत्री ने कहा, रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे। इससे पहले 3 मई को यह परीक्षा देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई थी। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे। सीबीआई ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## रिटायर्ड जज और वकील बेटे पर एफआईआर दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल के ट्विशा सुसाइड मामले में उनकी सास रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एसीपी रजनीश कश्यप कौल ने बताया कि मां-बेटे के खिलाफ हत्या, दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित अन्य धाराओं में केस बनाया गया है। पुलिस की दो टीमें आरोपियों के घर सहित अन्य संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। दरअसल, 12 मई की रात कटारा हिल्स इलाके में 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शव के हाथ और कान पर चोट के नीले निशान मिले हैं। ट्विशा मूल रूप से नोएडा की रहने वाली थी। उसकी शादी करीब एक साल पहले समर्थ से हुई थी। ट्विशा का भाई हर्षित शर्मा भारतीय सेना में मेजर है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 96.14 पर आया, यह ऑलटाइम लो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपया आज 15 मई को डॉलर के मुकाबले 50 पैसे गिरकर पहली बार 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को रुपया 95.64 के ऑल टाइम लो पर पहुंचा था। पिछले कुछ दिनों से रुपए में लगातार गिरावट जारी है।

साल 2026 की शुरूआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं और जियोपॉलिटिकल तनाव कम नहीं हुआ, तो रुपया जल्द ही 100 के स्तर को भी छू सकता है।



**मिडिल ईस्ट तनाव:** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज रूट में सप्लाई बाधित होने की आशंका ने बाजार में डर पैदा कर दिया है। युद्ध के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए डॉलर की ओर भाग रहे हैं।

## चांदी 19,693, सोना 3,000 सस्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सोने-चांदी की कीमतों में 15 मई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 19,693 रुपए घटकर 2.68 लाख रुपए रह गई, जो गुरुवार को 2.87 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए घटकर 1.58 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को यह 1.61 लाख पर था। सोना ऑल टाइम हाई से 106 दिन में 17,962 और चांदी 1,18,433 सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख 10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख किलो थी। रविवार को कर्नाटक और तेलंगाना की सभाओं में पीएम ने लोगों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी।

## रेलवे के प्रतीक चिन्ह में हुआ बदलाव

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे ने अपने आधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए नया लोगो जारी किया है। अब रेलवे के लोगो में 17 के बजाय 18 सितारे नजर आएंगे। रेलवे बोर्ड ने 1 जून से भारतीय रेलवे के सभी उपक्रमों, स्टेशनों और कार्यालयों में इस नए लोगो को अपनाने के निर्देश जारी किए हैं।

## दैनिक अवंतिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत

# पक्षियों को भीषण गर्मी में पेयजल सुलभ कराने के उद्देश्य से पानी के सकोरे किये वितरित



दैनिक अवन्तिका ▶▶ नागदा

महिला मंडल श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी मध्य प्रदेश नागदा द्वारा दैनिक अवंतिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मुक पक्षियों को भीषण गर्मी 44 डिग्री सेंटीग्रेड में पेयजल सुलभ कराने के उद्देश्य से पानी के सकोरे वितरित किये गए।

अभियान के तहत महिला मंडल अध्यक्ष वर्षा मेहता के नेतृत्व में स्थानीय प्रकाश नगर स्थित माधव गार्डन में महिला मंडल सदस्य गण मौजूद रहे जिन्होंने मिट्टी के सकोरे (पात्र) वितरित करते हुए जन मानस को मुक पक्षी एवं जीवो के प्रति अपनी संवेदनाएं रखते हुए उनके पेय जल की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। आग्रह किया कि अपनी छत पर पात्र में पानी भरकर अवश्य रखें।

इस अवसर पर वर्षा मेहता, संगीता शर्मा, वसुंधरा नागर, ममता शर्मा, चंचल शर्मा, संगीता, प्रेमलता शर्मा, चेतना आदि उपस्थित रहीं।

## पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपये महंगा, कंपनियों को अभी भी 25-30 रु. प्रति लीटर का घाटा

# गलती सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी : राहुल

## 3 रुपए का झटका तो लग चुका, बाकी की वसूली किस्तों में की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है।

वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-?30 प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई है। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।

**सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा-** इस बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### अन्य चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं

डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर आम आदमी की जेब और किचन पर पड़ता है। इसे ऐसे समझिए:

- **मालभाड़ा बढ़ेगा:** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।
- **खेती की लागत:** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।
- **बस-ऑटो का किराया:** सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।



Gunjan Shrivastav 98263 96368

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### मिलावटी हल्दी में जहरीला रंग मेटानिल येलो मिलाया जा रहा

# हल्दी इस्तेमाल करने से पहले सतर्क हो जाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पवित्र माने जाने वाली हल्दी भी अब मिलावटखोरों के निशाने पर आ गई है। इसमें भी मिलावट का जहर समा गया है। शादी विवाह में शरीर पर लगाई जाने वाली हल्दी के उपयोग से अब तक चार से अधिक दुल्हा-दुल्हन को अस्पताल का रास्ता देखना पड़ा है। बकौल सीएमएचओ एवं पदेन उप संचालक डॉ. अशोक पटेल पास के जिलों के मामले जानकारी में सामने आते ही खाद्य प्रसाधन विभाग के निरीक्षकों को जांच के आदेश दिए गए हैं।

यूं तो हल्दी का उपयोग खाद्य में किया जाता है लेकिन विवाह आदि में इसका उपयोग शरीर पर लगाने के लिए भी होता है। इसकी मान्यता पवित्रता के रूप में हैं। जिस हल्दी को लोग शुद्धता और परंपरा का प्रतीक मानते हैं, उसी में जहरीले केमिकल मिलाकर बाजार में खुलेआम बेचा जा रहा है। खाद्य विभाग की लापरवाही अब सीधे लोगों की जिंदगी एवं शरीर की चमड़ी को बेरंग और मर्ज दे रही है।

## शादी विवाह में हल्दी का उपयोग करने से पहले जांच जरूर करें





### जिले में जांच के निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पदेन उपसंचालक खाद्य प्रशासन डॉ. अशोक कुमार पटेल के अनुसार मिलावट के मामलों को लेकर खाद्य प्रशासन के निरीक्षकों को बाजार में हल्दी के सैंपल कलेक्शन के लिए कहा गया है। उज्जैन में ऐसा मामला अब तक सामने नहीं आया है। निजी चर्म रोग विशेषज्ञों के सामने ऐसा मामला आया हो तो उसकी जानकारी हम तक नहीं पहुंची है। फिर भी आमजन हल्दी का उपयोग करने के पूर्व पूरी सतर्कता बरते तो और ज्यादा बेहतर होगा। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि शादी-विवाह में उपयोग होने वाली हल्दी और अन्य सामग्री विश्वसनीय स्थान से ही खरीदें और किसी भी एलर्जी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार लें।

### जहरीला रंग मेटानिल येलो का उपयोग

मिलावटी हल्दी का ऐसा खतरनाक खेल सामने आया है जिसने शादी वाले घरों की खुशियां मातम में बदल दी हैं। खरगोन में हल्दी लगाने के बाद एक दुल्हन की मौत हो गई, जबकि इंदौर के एमवाय अस्पताल में चार दूल्हा-दुल्हनों को गंभीर हालत में भर्ती करना पड़ा। डॉक्टरों का कहना है कि मिलावटी हल्दी में जहरीला रंग मेटानिल येलो मिलाया गया था, जिसने शरीर में खतरनाक एलर्जी रिएक्शन पैदा कर दिया।

### चार अन्य मरीज, एक वेंटिलेटर पर

इंदौर के एमवाय अस्पताल में हाल ही में ऐसे चार मरीज भर्ती हुए, जिनकी हालत हल्दी लगाने के बाद अचानक बिगड़ गई। इनमें एक मरीज की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि उसे वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। डॉक्टरों के अनुसार मरीजों में सांस फूलना, चेहरे पर सूजन, होंठ फूलना, त्वचा पर लाल चकत्ते, बेचैनी और कमजोरी जैसे गंभीर लक्षण दिखाई दिए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हल्दी में मिलाए गए जहरीले रंग मेटानिल येलो के कारण यह एलर्जी रिएक्शन हुआ।

### हल्दी से रिएक्शन का उल्लेख

परिजनों ने एमवाय अस्पताल की वह पर्ची भी दिखाई है, जिसमें डॉक्टरों ने हल्दी से रिएक्शन का उल्लेख है। इलाज के दौरान उपयोग की गई हल्दी का सैंपल भी लिया गया था, जिसे जांच के लिए खाद्य विभाग को भेजा गया है। अब रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि हल्दी में कौन-कौन से रसायन मिलाए गए थे।

### मंडप से पहले दुल्हन की अर्थी उठी

खरगोन जिले के टेकड़ी गांव की 22 वर्षीय राखी की शादी ग्राम खामखेड़ा में तय हुई थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। 26 अप्रैल को बारात आने वाली थी और घर में खुशियों का माहौल था। 22 अप्रैल को हुई हल्दी की रस्म के कुछ घंटे बाद ही सबकुछ बदल गया। परिजनों के मुताबिक रस्म के दौरान बाजार से खरीदी गई हल्दी राखी को लगाई गई थी। रात होते-होते उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। गले में तेज जलन, सांस लेने में तकलीफ, चेहरे और होंठों में सूजन तथा पूरे शरीर पर लाल चकत्ते उभर आए। परिवार घबराकर उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां हालत गंभीर होने पर आईसीयू में भर्ती किया गया। स्थिति लगातार बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे इंदौर के शासकीय एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। यहां एक्स-रे, ईसीजी सहित कई जांचें हुईं, लेकिन गले की सूजन और एलर्जी बढ़ती चली गई। परिवार उसे निजी अस्पताल भी लेकर गया, लेकिन भारी खर्च के कारण दोबारा एमवाय लौटने का निर्णय लिया। इसी दौरान रास्ते में ही राखी ने दम तोड़ दिया। जिस दिन घर में मंडप की रस्म होनी थी, उसी दिन गांव में बेटी की अर्थी उठी।

## साहब का जेल न जाकर अस्पताल जाना

मामला साहब का था तो आदेश के बाद भी जेल न जाकर साहब अस्पताल ही गए। अपने घर में अपने हिसाब किताब से सब कुछ हो गया और जमानत भी। साहब ने डिग्री के बावजूद सर्जरी ऐसी की कि गरीब ने बेटी खो दी। बेटी बचाओं का नारा हल्का हो गया। साहब को कोई फर्क नहीं पड़ा। अस्पताल में रात बीती और उसके बाद दूसरे दिन सब कुछ वहीं जो वे चाहते थे। ऐसा लगा मानों किसी मुम्बईया फिल्म की पटकथा से मिलती जुलती कहानी चल रही हो। जिम्मेदारों के पास इस बात का जवाब नहीं था कि आखिर साहब को मर्ज क्या था जो इतनी तिमारदारी की गई। साहब के मर्ज का इलाज बडी अदालत ने हाल ही में किया है।

खुसूर फुसूर

महापंडित रावण का ससुराल कहे जाने वाले जिले के एक कर्मचारी ने अच्छा खासा काम कर दिया था। साहब के साथ ही उसने तमाम जिम्मेदारों को सामने कर दिया था। गरीब की हलाकला से साहब बचने की जुगत लगा रहे थे और इसी दरमियान गरीब की बेटी की शल्य क्रिया में सब कुछ हो गया। साहब इसी विभाग के बड़े प्रशासकीय अफसर हैं और प्रेक्टिस नहीं करने का विभाग से अलग से भत्ता लेते हैं। उसके बाद भी प्रेक्टिस जारी थी। नैतिकता का तो जनाजा ही उठ चुका है। खुसूर-फुसूर है कि बेटी खोने वाले परिवार की हिम्मत थी उन्होंने पूरे मामले पर लडकर कम से कम मामले को न्यायालय तक पहुंचा दिया अन्यथा यहां तक भी मामला आना बहुत मुश्किल था। जिस तरह से मामला जेल की बजाय अस्पताल की तरफ साहब को ले गया उसे देखकर और जानकर तो यह साफ कहा जा सकता है कि गरीब ने बेटी खोकर भी अपनी लड़ाई लड़ी लेकिन नैतिकता की दुहाई देने वाले शपथ लेकर चिकित्सा करने वाले उस पर अडिग नहीं रह पाए। एक गरीब मृतक बेटी को न्याय दिलाने के लिए लड़ रहा है और उसका साथ देना तो दूर नैतिकता से अपने काम को अंजाम तक नही दे पाए। घुटना पेट की तरफ ही मुढ़ता है यह साबित कर दिया गया।

### 13 साल बाद विशेष संयोग में शनि जयंती और अमावस्या

# आज शिप्रा नदी पर फव्वारों से होगा स्नान, 24 घंटे तक अर्पित होगा तेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को 13 साल बाद एक विशेष संयोग में शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या दोनों एक ही दिन मनाई जाएंगी। इस पर्व को लेकर त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मान्यता है कि यहां तेल चढ़ाने से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति मिलती है।

आज ज्येष्ठ अमावस्या के दिन उज्जैन में शनिचरी अमावस्या का विशेष महासंयोग बन रहा है। शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या एक साथ होने पर शनि मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। मंदिर में पंचामृत पूजन, 56 भोग और पुष्प व विद्युत सज्जा की जाएगी।

महंत राकेश बैरागी के अनुसार शनि मंदिर में 24 घंटे तक तेल अर्पित किया जाएगा। देशभर से आने वाले श्रद्धालु दर्शन, तप और स्नान के लिए पहुंचेंगे। भक्त सबसे पहले शिप्रा नदी में स्नान करेंगे और फिर मंदिर में पूजन-अर्चन करेंगे। इस दौरान वे अपने साथ लाए तेल, नारियल, काला कपड़ा और काला तिल अर्पित कर दान-पुण्य करेंगे।





### त्रिवेणी घाट पर फव्वारों से स्नान

त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालु शिप्रा स्नान और शनिदेव के दर्शन के लिए जुटेंगे। श्रद्धालु देर रात से ही मंदिर पहुंचने लगेंगे। तड़के शिप्रा नदी के त्रिवेणी घाट पर फव्वारों से स्नान करने के बाद वे अपने कपड़े और जूते-चप्पल दान कर मंदिर में प्रवेश करेंगे। भक्त शनिदेव को तेल, तिल, काला कपड़ा, लोहा और नमक अर्पित करेंगे। भीड़ को देखते हुए पुलिस, होमगार्ड और रऊक्ष्क्ष्की टीमें तैनात की गई हैं।

### श्रमिकों के लिए औजार दान अभियान

शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या के अवसर पर उज्जैन के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित घास मंडी चौराहा पर जरूरतमंद श्रमिकों के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कृष्णा गुरुजी द्वारा श्रम सेवा और औजार वितरण अभियान के तहत गैती, फावड़ा, तगारी, खुरपी सहित आवश्यक श्रम उपकरण दान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शनिचरी अमावस्या देव कर्म, श्रम, न्याय और सेवा का प्रतीक है। इस दिन कर्मशील वर्ग की सहायता करना आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी श्रेष्ठ उदाहरण है।

## प्रदेश में 10 से 16 जून के बीच पहुंचेगा मानसून



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में मानसून 10 से 16 जून के बीच दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस बार मानसून केरल में 26 मई के आसपास पहुंचने की संभावना है। इसके बाद यह आगे बढ़ते हुए मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगा। अनुमान है कि मानसून प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- खंडवा, खरगोन, बड़वानी और बुरहानपुर के रास्ते एंट्री ले सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार प्रदेश के अधिकांश जिलों में सामान्य बारिश होने की संभावना है। औसतन 30 से 32 इंच बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा और सीहोर में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान है, जबकि इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में सामान्य या उससे कम बारिश हो सकती है।

**कई जिलों में बारिश, गेहूं भीगा-** इधर, मानसून की आहट के बीच प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। शुक्रवार शाम कटनी में तेज आंधी के साथ ओले गिरे। उमरिया में बारिश से खरीदी केंद्रों में रखा गेहूं भीग गया। डिंडौरी के मेहदवानी और शहपुरा क्षेत्र में भी तेज आंधी-बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## जलसंकट से रहवासी परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गर्मी बढ़ने के साथ शहर में जल संकट गहराने लगा है। नागझिरी क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर कॉम्प्लेक्स वाली गली में करीब 25 परिवार पिछले कई दिनों से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं।

रहवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बाद पीएचई अधिकारियों ने 8 दिन में नए कनेक्शन और समस्या समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन 16 दिन से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। इससे नाराज महिलाएँ गुरुवार सुबह पीएचई की पानी की टंकी स्थित ऑफिस पहुँचीं और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी सिर्फ. आश्वासन मिला और काम शुरू नहीं हुआ तो वे सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर शिकायत करेंगी। फि लहाल पीएचई अधिकारियों ने फिर से 8 दिन में नए कनेक्शन का काम शुरू करने का भरोसा दिया है।

रहवासियों के मुताबिक क्षेत्र में पूरे साल साफ पानी की समस्या बनी रहती है, लेकिन गर्मी में हालात और बिगड़ जाते हैं। वर्तमान में कई घरों के नलों में पानी आना पूरी तरह बंद हो चुका है। मजबूरी में महिलाएँ कम्युनिटी हॉल के सामने लगे हैंडपंप से पानी भरकर ला रही हैं, जबकि कई परिवार पीने के पानी के लिए पैसे खर्च कर पानी खरीदने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कम्युनिटी हॉल में इन दिनों शादियाँ होने के कारण वहाँ से पानी भरना भी मुश्किल हो रहा है। रहवासियों के अनुसार उनके घरों में सालों पहले नल कनेक्शन दिए थे, लेकिन जल प्रदाय के समय पर्याप्त प्रेशर नहीं बन पाता।

## निगम आयुक्त अधिकारियों के साथ प्रातः 6 बजे निरीक्षण पहुंचे

### लोटी स्कूल तिराहे से हनुमान नाका तक मार्ग का सौंदर्यीकरण करते हुए आदर्श मार्ग के रूप में विकसित करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोटी स्कूल तिराहे से होते हुए हनुमान नाका चौराहा तक संपूर्ण मार्ग पर नगर निगम द्वारा सौंदर्यकरण कार्य करते हुए एक आदर्श मार्ग के रूप में विकसित किया जाए उक्त मार्ग सिंहस्थ महापर्व अंतर्गत महत्वपूर्ण मार्ग है नीलगंगा से साधु संतों की पेशवाई प्रारंभ होते हुए इसी मार्ग से निकलती है इसलिए संपूर्ण मार्ग पर सौंदर्यकरण किया जाए उक्त निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को प्रातः 6 बजे निगम अधिकारियों के साथ संपूर्ण मार्ग पर पैदल भ्रमण करते हुए अधिकारियों को दिए।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण मार्ग पर जो दीवारें हैं उन पर सुंदर चित्रकारी करते हुए स्वच्छता के स्लोगन लिखे जाए, रेलिंग एवं डिवाइडर की सफाई रंगाई, पुताई, मार्ग पर जो अवैध अतिक्रमण एवं गुमटिया रखी हुई है, उन्हें हटाने की कार्यवाही के साथ ही संपूर्ण मार्ग पर सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, मार्ग पर कचरा ना हो इसके लिए जगह-जगह लीटर बिन लगाए जाए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निगम द्वारा संचालित कचरा कलेक्शन वाहन में कचरा सेग्रीगेशन का निरीक्षण करते हुए हेल्पर एवं आईईसी टीम के मेंबर को निर्देशित किया कि कचरा गीला एवं सूखा अलग-अलग ही संग्रहित किया जाए साथ ही रहवासियों को भी समझाइश दीं जाए कि 2 डस्टबिन रखते हुए कचरा अलग-अलग दें हेल्पर का काम सिर्फ गाड़ी में बैठना नहीं बल्कि कचरे की मॉनिटरिंग करना है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, जोनल अधिकारी मनोज राजवानी, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़, सब इंजीनियर सचिन जायसवाल, स्वच्छता निरीक्षक मनीष पांडे एवं दरोगा उपस्थित रहे।

## न्यूज कॉलम

### खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर जंप रोप खिलाड़ियों ने की खेल मंत्री से मुलाकात

**उज्जैन।** आगामी 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की तैयारियों और विभिन्न खेल योजनाओं को लेकर मध्य प्रदेश के जंप रोप खिलाड़ियों ने भोपाल में खेल मंत्री विश्वास सारंग से उनके निजी आवास पर विशेष मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों के विकास, उन्हें नए अवसर प्रदान करने और खेलों को नई दिशा देने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। यह महत्वपूर्ण बैठक मध्य प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हिंदुस्तान समाचार के डायरेक्टर कमलकांत वशिष्ठ, मध्य प्रदेश सीईओ अबरार अहमद शेख और सचिव मुकुंद झाला के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। बैठक में खेल गतिविधियों के विस्तार और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित हुई। मुलाकात के दौरान खेल विभाग के कई उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने जंप रोप खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया।

# ई-वाहनों से निरीक्षण कर दिया ईंधन बचत का संदेश

### महापौर मुकेश टटवाल ने ई-रिक्शा में किया शहर का निरीक्षण, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा इलेक्ट्रिक वाहन से पहुंचे मार्ग चौड़ीकरण कार्य देखने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पेट्रोल-डीजल के मितव्ययी उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य एवं वैश्विक संकट के चलते पीएम नरेंद्र मोदी एवं मप्र के सीएम मोहन यादव के आह्वान पर नगर पालिक निगम द्वारा शुक्रवार को विशेष पहल की गई। इस दौरान महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हुए निरीक्षण कर आमजन को सकारात्मक संदेश दिया।

महापौर मुकेश टटवाल ई-रिक्शा में सवार होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सुना तथा वायरलेस सेट के माध्यम से कंट्रोल रूम पर संबंधित शिकायतें दर्ज करवाकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।







महापौर टटवाल ने शहरवासियों, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन निजी वाहनों का उपयोग नहीं करें तथा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए ई-रिक्शा, साइकिल एवं अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईंधन बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इसी क्रम में एमआईसी सदस्य एवं नगर निगम अधिकारी भी साइकिल, ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने कार्यस्थलों तक पहुंचे।

वहीं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा इलेक्ट्रिक वाहन से हनुमान नाका से हरिफाटक ब्रिज तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत आयुक्त इलेक्ट्रिक वाहन से ही नगर निगम कार्यालय पहुंचे।

नगर निगम की इस पहल को शहर में ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं वैकल्पिक ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 16 मई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 1.35 करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे 12 आंगनवाड़ी भवन

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से सांवेर विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। सांवेर विधानसभा क्षेत्र में छोटे बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से 12 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा दी गई इस स्वीकृति से सांवेर क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही किशोर युवतियों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्डों में 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से इन 12 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने बताया कि इन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण हो जाने से छोटे बच्चों की पोषण एवं शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की आसानी से पूर्ति होगी। साथ ही महिलाओं एवं शिशुओं को शासन की विभिन्न योजनाओं का बेहतर लाभ भी मिल सकेगा।

### सूची पुनरीक्षण के लिए 25 मई तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 25 मई 2026 तक निर्धारित केन्द्रों पर मतदाता सूची संबंधी दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित नागरिक निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन संबंधी दावे-आपत्तियां प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आयोग के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

### ऑफलाइन पद्धति से 4 संभागीय मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर होगी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक कुल सचिव परीक्षा 2025 आगामी 17 मई को आयोजित होगी। ऑफलाइन पद्धति से आयोजित यह परीक्षा रविवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रदेश के चार संभागीय मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं सुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए संभाग एवं जिला मुख्यालय पर उक्त परीक्षा हेतु त्रिस्तरीय नवीन प्रक्रिया के तहत आयोजित की जाएगी। जिसमें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी शामिल है। परीक्षार्थियों की एचएचएमडी के माध्यम से जांच फ्रिस्किंग की जाएगी, जिसमें पुरुष परीक्षार्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों द्वारा महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा की जाएगी। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपने फ्रिस्किंग महिला अथवा पुरुष कर्मचारियों से करा सकेंगे। इस जांच प्रक्रिया का पालन सभी परीक्षार्थियों को करना होगा। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय के 90 मिनट पूर्व पहुंचना होगा।

### 13 बसों पर कार्रवाई, 11 बसें जब्त एवं 2 के फिटनेस निरस्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार इंदौर शहर में लोक परिवहन वाहनों की लगातार सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं आरटीओ विभाग द्वारा तीन इमली चौराहा एवं राजकुमार ब्रिज के नीचे संयुक्त रूप से यात्री बसों की जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया वसूली, अवैध पार्किंग, इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकालीन निकास व्यवस्था, पैनिक बटन, प्रेशर हॉर्न, जीपीएस, स्पीड गवर्नर तथा निर्धारित बैठक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने जैसे बिंदुओं की सूक्ष्मता से जांच की गई। साथ ही बसों के पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस, परमिट एवं पीयूसी दस्तावेजों का भी परीक्षण किया गया। जांच में कई बसों में फायर सेफ्टी उपकरण खराब अथवा मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। कुछ बसों के इमरजेंसी एग्जिट बंद मिले तथा मेडिकल किट भी उपलब्ध नहीं थी। कई बसें अवैध पार्किंग में खड़ी पाई गईं।

### विकास कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य 2027 निर्धारित किया गया


**इंदौर।** धार जिले के भैंसोला में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव द्वारा गुरुवार को परियोजना स्थल का भ्रमण किया गया। इस दौरान धार कलेक्टर श्री राजीव रंजन, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति, एमपीआईडीसी के मुख्य अभियंता, नेशनल इंडस्ट्री कॉरिडोर, जिला प्रशासन एवं एमपीआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, निर्माण एजेंसी एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति ने बताया कि राज्य शासन की प्रतिबद्धता के अनुरूप पार्क की सीमा तक सड़क, पानी एवं बिजली उपलब्ध कराने संबंधी कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं, जिन पर राज्य शासन द्वारा अब तक लगभग 88 करोड़ रुपये व्यय किया गया हैं। इसके अतिरिक्त पार्क की आंतरिक अधोसंरचना एवं मोबिलाइजेशन कार्यों पर लगभग 76 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं,

# भागीरथपुरा दूषित पानी कांड: हाईकोर्ट में सुनवाई टली

## नेताओं के नाम हटाने की मांग पर अब वेकेशन बाद होगी सुनवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर के चर्चित भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में हुई 36 मौतों को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ में दायर छह जनहित याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हालांकि एक याचिका में पक्षकार बनाए गए निगम एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद कमल वाघेला और तत्कालीन अपर कमिश्नर रोहित सिसोनिया द्वारा नाम हटाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई नहीं हो सकी।

मामले की सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में प्रस्तावित थी। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले याचिका दायर कर पक्षकार बनाया गया और अब नाम हटाने के आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई अत्यावश्यक परिस्थिति नहीं है, इसलिए अब इस मामले में सुनवाई न्यायालयीन अवकाश के बाद की जाएगी।

### आवेदन में दलील; हमारी सीधे जिम्मेदारी नहीं

एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू और पार्षद कमल वाघेला ने अपने आवेदन में कहा है कि भागीरथपुरा जल प्रदूषण प्रकरण में उनकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका या जिम्मेदारी नहीं है। इसलिए उनका नाम याचिका से हटाया जाए। इसी प्रकार तत्कालीन अपर कमिश्नर व आईएएस अधिकारी रोहित सिसोनिया को भी याचिका में पक्षकार बनाया गया है।

गौरतलब है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में दिसंबर 2025 के आखिरी हफ्ते में दूषित पानी की आपूर्ति के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। इस मामले में 36 लोगों की मौत होने हुई है। पूरे मामले को लेकर हाईकोर्ट में कई जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। भागीरथपुरा हादसे के बाद नगर निगम के जलप्रदाय विभाग में पिछले वर्षों में हुए करोड़ों रुपये के खर्च भी जांच के दायरे में आ गए हैं। राज्य सूचना आयोग ने नगर निगम के जलप्रदाय विभाग को वर्ष 2018 से 2022 तक विभिन्न बजट मदों में किए गए भुगतान और खर्चों का पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश पूर्व पार्षद दिलीप कौशल द्वारा मांगी गई जानकारी के संदर्भ में जारी किया गया है। आयोग ने निगम प्रशासन को 29 मई 2026 तक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है।

## आरएफआइडी बैंड से रखेंगे श्रद्धालुओं पर नजर

# सिंहस्थ: भीड़ में अपनों के बिछड़ने की नहीं रहेगी चिंता

### व्यवस्था ऐसी बच्चे व बुजुर्ग गुमशुदा ना हो

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। भीड़ में लोगों को अपनों के बिछुड़ने की सबसे अधिक चिंता रहती है। खासतौर पर बच्चों व बुजुर्ग के गुम होने से लोग परेशान होते हैं। यह अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर व अन्य जानकारियां भी नहीं दे पाते हैं।

इस समस्या को दूर करने के लिए आरपीएफ अब महाराष्ट्र के एनजीओ के साथ मिलकर योजना बना रहा है। जिसके तहत स्टेशन पर उतरते ही श्रद्धालु अपने साथ आए छोटे बच्चों व बुजुर्गों की जानकारियां दर्ज करवाकर रेडिया फ्रीक्वेंसी आइडी (आरएफआइडी) बैंड हाथों में बंधवा सकता है। पूरे सिंहस्थ क्षेत्र में ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। जिससे अगर कोई बच्चा या वृद्ध गुम होता है तो एक क्लिक पर उसकी लोकेशन मिल जाएगी। जिससे उसे तलाशना बहुत ही आसान हो जाएगा।

खास बात यह है कि इस तरह की व्यवस्था प्रयागराज कुंभ में भी नहीं थी। वहां भी लोग अपनों को खोजने के लिए काफी परेशान हो रहे थे। खासतौर पर मोबाइल का उपयोग नहीं करने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था काफी मददगार रहेगी। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले में एनजीओ इसका प्रयोग करेगा। वहां प्रयोग सफल होने पर उज्जैन में भी इसे लागू किया जाएगा।




### पूरी तरह नि:शुल्क रहेगी सुविधा

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव का कहना है कि आरएफआइडी लगाने व लोगों को तलाशने की पूरी व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। एनजीओ ही इस कवायद में आने वाला खर्च उठाएगा। हालांकि रेलवे इसे लेकर कुछ सुविधा जरूर दे सकता है। यात्रियों के लिए यह आवश्यक नहीं हैं, यात्री अपनी इच्छा होने पर इसका उपयोग कर सकेंगे। यादव का कहना है कि एनजीओ से चर्चा की जा रही है। जल्द ही इसे अमलीजामा पहनाने पर अनुमति मिल जाएगी। सिंहस्थ में बनाए जाने वाले गुमशुदा केंद्रों पर एनजीओ के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। शिकायत मिलने पर तत्काल संबंधित व्यक्ति को तलाशने का काम शुरू हो जाएगा।

## कुख्यात अपराधी भाट पर रासुका लगाने के आदेश जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने आपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहने पर मोती तबेला निवासी कुख्यात अपराधी गौरव पिता बाबू भाट को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव भाट वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार रखने, अवैध वसूली, धोखाधड़ी, घर में घुसकर मारपीट, अवैध शराब बिक्री तथा प्राणघातक हमला जैसे गंभीर अपराध विभिन्न थानों में दर्ज हैं। कुख्यात अपराधी गौरव पिता बाबू भाट की आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पूर्व में उसके विरुद्ध धारा 110 जाफौ एवं जिला बदर जैसी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयाँ भी की गई थीं, किंतु उसके व्यवहार में सुधार नहीं आया तथा वह लगातार अपराध करता रहा। उसकी गतिविधियों से आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण व्याप्त था। लोग उसके विरुद्ध शिकायत करने एवं गवाही देने से भी डरते हैं। पुलिस को लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी कि आरोपी एवं उसके सहयोगियों द्वारा क्षेत्र में दहशत फैलाकर राहगीरों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों को धमकाया जा रहा है।

### छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

## एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एनएसयूआई इंदौर द्वारा नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं अनियमितताओं के विरोध में एसडीएम महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने मांग की है कि परीक्षा प्रक्रिया की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों एवं शिक्षा माफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने यह भी मांग रखी कि छात्रों को पारदर्शी प्रक्रिया एवं मेरिट के आधार पर न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने, लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा छात्रों के मानसिक एवं शैक्षणिक नुकसान की भरपाई हेतु सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर एनएसयूआई इंदौर के जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल सहित कई छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। आज हुए ज्ञापन के कार्यक्रम में मुख्यरूप से शुभम सिंह दरबार, सनी ठाकुर, अंकित सरोनिया, संदीप पटौदे, पलाश मिश्रा, कपिल, सोलंकी, शुभम ठाकुर, देव चौहान, हिमांशु मलोरिया, कुणाल सुनहरे, रुद्र सिंह, मोहित चौहान एवं अन्य साथी मौजूद थे।

# टक्कर के बाद सड़क पर जमकर चले लात-घूंसे

### नशेड़ियों ने खूब देर तक माचाया उत्पात, घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**





शहर के ज्वारमार्ग क्षेत्र में मामूली वाहन टक्कर का मामला अचानक हिंसक संघर्ष में बदल गया। पहले हल्की फुल्की कहासुनी से शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग सड़क पर आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट शुरू हो गई। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो वाहनों की टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई थी। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों ओर से लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े। सड़क पर लात-घूंसे और धक्का-मुक्की का दौर चलता रहा। कुछ लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश भी की, लेकिन स्थिति काफी देर तक तनावपूर्ण बनी रही।

घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि सड़क पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हैं और दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में घटना को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है।

### सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया

हालांकि खबर ये हैं कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वीडियो में दिखाई देने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### रूई के गोदाम में लगी आग

इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक रूई के गोदाम में आग लग गई। घटना थाना परिसर के पास बने एक कंपाउंड में हुई, जहां रूई तैयार करने का काम किया जाता था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक गोदाम में रूई और अन्य कच्चा माल बड़ी मात्रा में रखा हुआ था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग की चपेट में आने से गोदाम के अंदर रखा काफी सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आरडी कानवा और थाना स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया। गोदाम में काम कर रहे कारीगर आग लगते ही बाहर निकल आए, जिससे किसी जनहानि की सूचना नहीं है

# हर्षानंद गिरी का बड़ा संदेश: युवतियों को बांटी तलवारें, सनातन धर्म के प्रति दिलाई शपथ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के लक्ष्मीपुरा में आयोजित 108 कुंडीय यज्ञ और सात दिवसीय देवी प्रवचन के अंतिम दिन स्वामी हषार्नंद गिरी ने युवतियों को तलवारें वितरित कीं। उन्होंने युवतियों को लव जिहाद के खिलाफ जागरूक रहने, दूसरे धर्मों के बहकावे में नहीं आने और सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। उज्जैन में स्वामी हषार्नंद गिरी ने लक्ष्मीपुरा में चल रहे धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन युवतियों को तलवारें वितरित कीं।

इस दौरान उन्होंने युवतियों को लव जिहाद के खिलाफ जागरूक रहने, दूसरे धर्मों के बहकावे में नहीं आने और सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। स्वामी हषार्नंद गिरी पहले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया के नाम से जानी जाती रहीं हैं। बाद में उन्होंने संन्यास लिया था। अपने कामों को लेकर वे हमेशा चर्चा में रहती हैं।

### 108 कुंडीय यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



### हिन्दू लड़कियों को किया जा रहा टारगेट

स्वामी हषार्नंद गिरी ने कहा कि हिन्दू लड़कियों को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने युवतियों से वीरांगना बनने, तलवारबाजी, घुड़सवारी और शस्त्र प्रशिक्षण सीखने का आह्वान किया, ताकि वे अपनी और अपने परिवार की रक्षा कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्वामी हषार्नंद गिरी ने भोपाल में हाल ही में हुए हंगामे पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बजरंग दल कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अत्याचारियों के साथ वही हुआ, जिसके वे हकदार थे। उज्जैन से करीब 22 किलोमीटर दूर लक्ष्मीपुरा में 8 मई से 108 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी आयोजन में स्वामी हषार्नंद गिरी ने सात दिनों तक देवी प्रवचन किए। उन्होंने माता के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन सुनने पहुंचे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्वामी हषार्नंद गिरी के संदेश का समर्थन किया और धार्मिक आयोजन में उत्साह के साथ भाग लिया।


## सराफा में देर रात ताले तोड़ने पहुंचे बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के सराफा इलाके में सोमवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। तीन से ज्यादा बदमाश धान गली में पहुंचे और यहां चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ कई दुकानों के ताले तोड़ने की कोशिश की। बदमाशों की पूरी करतूत इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें द्वारकापुरी कॉलोनी के रहने वाले जगदीश सिंह और सुरेश चौहान है। दोनों की उम्र 20 साल है।

जानकारी के मुताबिक बदमाश देर रात धान गली पहुंचे थे। यहां से उन्होंने गैस भट्टी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके बाद उन्होंने आसपास की दुकानों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। इसी दौरान इलाके के रहवासियों की नजर बदमाशों पर पड़ गई। लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी बौखला गए और गली में खड़ी कई दोपहिया गाड़ियों को गिरा दिया। हंगामे के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की जांच शुरू की। रहवासियों ने रात में बनाए गए वीडियो और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं। इलाके के लोगों ने बदमाशों की गतिविधियों के वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए थे। पुलिस अब इन फुटेज और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## न्यूज कालम



### अंधेरे में डूबा बस स्टैंड, गांधी प्रतिमा के पास गंदगी व शराबियों का जमावड़ा

**सनावद।** नगर का सबसे व्यस्त और संवेदनशील क्षेत्र माना जाने वाला बस स्टैंड इन दिनों बदहाली और अव्यवस्थाओं का प्रतीक बनता जा रहा है। गांधी प्रतिमा के समीप लगा हाई मास्क कई दिनों से बंद पड़ा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक गहरी कुंभकर्णी नींद से बाहर नहीं निकल पाया। शाम ढलते ही पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, जिससे यात्रियों, महिलाओं और छात्र-छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों और शराबियों ने गांधी प्रतिमा परिसर को अड्डे में तब्दील कर दिया है। देर शाम खुलेआम शराबखोरी, हुड़दंग और गंदगी फैलाने जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। हालत यह है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास ही नशे में धुत लोग सार्वजनिक स्थान को शौचालय की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू और अस्वच्छता फैल रही है।

### कलेक्टर के तबादला आदेश के बाद तहसीलों में बड़ा फेरबदल

**देपालपुर।** इंदौर जिला कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा पिछले दिनों जारी किए गए तबादला आदेशों के बाद जिले की विभिन्न तहसीलों में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों के तहत कई कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को एक तरफा कार्यमुक्त भी कर दिया गया, जिसके चलते विभिन्न तहसील कार्यालयों में नई पदस्थापनाओं और कार्य विभाजन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में देपालपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-३ रमेश मंगोलिया एवं राहुल राठौर का तबादला हातोद तहसील कार्यालय कर दिया गया है। वहीं डॉ. अंबेडकर नगर महू तहसील से सहायक ग्रेड-३ लोकेश लोवंशी और राजेन्द्र चौहान को देपालपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा हातोद तहसील कार्यालय से सहायक ग्रेड-३ जितेन्द्र बहरावत एवं मनीष गुर्जर का स्थानांतरण भी देपालपुर तहसील कार्यालय में किया गया है। तबादलों के बाद अब देपालपुर तहसील कार्यालय में कार्यों के नए सिरे से विभाजन की तैयारी शुरू हो गई है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी में श्रमदान किया गया



**उज्जैन,।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया जिला उज्जैन के घटिया सेक्टर के ग्राम रलायता हेवत में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत प्राचीन बावड़ी में प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रमदान किया गया। इसके पश्चात ग्राम बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक श्री जय दीक्षित ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण अति आवश्यक हो गया है क्योंकि भू जल तेजी से नीचे की ओर जा रहा हैं। हम जमीन से जितना पानी निकाल रहे है उतना वापस जमीन में नहीं डाल रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप जल संकट की भयावह स्थिति उत्पन्न हो रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान एक ऐसा अभियान है जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री मोहन सिंह परिहार, परामर्शदाता श्री अजय मालवीय, एमएसडब्ल्यू (द्वह्य2) छात्र श्री गणेश मालवीय, बीएसडब्ल्यू (ड्ढह्य2) छात्र हितेश मालवीय एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई



**उज्जैन।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कूमट द्वारा जिला पंचायत सभागृह में छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिमजाति कल्याण विभाग के मध्य समन्वय की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर लंबित समस्याओं का निराकरण करें तथा विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।सीईओ श्री कूमट ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को भी आदिमजाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी समीक्षा बैठक 15 दिवस पश्चात आयोजित की जाएगी तथा तब तक किसी भी प्रकार की पेंडेंसी शेष नहीं रहनी चाहिए।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग, संकुल प्राचार्य एवं कॉलेज प्राचार्य उपस्थित रहे।

### वर्षगाँठ पर की देहदान की घोषणा

**खण्डवा।**लायन्स क्लब सनावद के अध्यक्ष लायन कमल पटेल व लायन रंजना पटेल सनावद ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि देहदान जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर कमल पटेल ने अपनी विवाह वर्षगाँठ पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें नर्मदा परिक्रमा वासी,सनावद के सभी मंदिरों के पुजारियों सेवाभावी गणमान्य जनों व लायन सदस्यों का सम्मान किया।

## मुख्यमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप से टला जल संकट-अर्चना चिटनिस

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस सहित जनप्रतिनिधियों की पहल, मुख्यमंत्री कार्यालय के त्वरित हस्तक्षेप तथा जिला प्रशासन और नगर निगम की तत्परता से बुरहानपुर में गहराता बड़ा जल संकट फिलहाल टल गया है।

शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक अर्चना चिटनिस ने जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर माधुरी अतुल पटेल, कलेक्टर हर्षसिंह, जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि 8 मई 2026 को कलेक्टर व नगर निगम प्रशासन ने अवगत कराया था कि बसाड़ स्थित ताप्ती एनीकट में मात्र १० दिनों के लिए ही पानी शेष है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा प्रमुख सचिव को अर्द्धशासकीय पत्र भेजकर बैतूल के पारसडोह बांध से पानी छोड़ने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से तत्काल हस्तक्षेप कराते हुए जल संसाधन विभाग को निर्देश दिलाए गए, जिसके परिणामस्वरूप ८ मई की रात १० बजे पारसडोह बांध से नियंत्रित रूप से पानी छोड़ा गया। यह पानी घोघरा घाट तक पहुँच चुका है और वर्तमान में ग्राम देड़तलाई से 80-90 किमी दूर है। बसाड़ एनीकट तक पहुँचने में लगभग 4 से 5 दिन का समय लगेगा।

शहर में जलापूर्ति बनाए रखने के लिए दैयत एनीकट एवं नेपानगर एनीकट के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया है। उतावली-१ संपवेल को प्रारंभ कर दो टंकियों को भरा जा रहा है, जबकि शाहदरा स्थित नलकूपों से लालबाग क्षेत्र में जलापूर्ति की जा रही है। कई वार्डों में स्थानीय नलकूप भी प्रारंभ किए गए हैं।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि बसाड़ एनीकट के ऊपरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और रेलवे द्वारा पुल निर्माण कार्यों के लिए बनाए गए अस्थायी बांधों के कारण एनीकट में अपेक्षित जल संग्रहण नहीं हो पाया। एनएचएआई को अस्थायी बांध हटाने के निर्देश दिए गए हैं और युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ हो गया है। रेलवे के बांध को हटाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से पानी बचाने की अपील करते हुए कहा कि यह संकट समाज के लिए एक बड़ी चेतावनी है। पानी का दुरुपयोग रोकना और जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना समय की आवश्यकता है।

## सनावद पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, लाखों रुपये के सोने के आभूषण सुरक्षित लौटाए



**सनावद।** सनावद पुलिस को भ्रमण के दौरान त्रिकोण क्षेत्र के पास एक सुनसान स्थान पर संदिग्ध अवस्था में रखा एक बैग मिला । पुलिस टीम द्वारा बैग को खोलकर चेक करने पर उसमें उपचार संबंधी मेडिकल फाइल व सोने के आभूषण जिसमें एक गले का हार, एक अंगूठी एवं चार कान की बालियां जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 3.5 से 4 लाख रुपये थी । पुलिस टीम के द्वारा थाना प्रभारी सनावद उनि धर्मेन्द्र यादव को उक्त घटनाक्रम की सूचना दी गई व पुलिस टीम के द्वारा उपचार संबंधी मेडिकल फाइल के आधार पर बैग के वास्तविक मालिक का पता लगाया गया । जांच उपरांत पाया गया कि उक्त बैग रामचन्द्र आदिवाल निवासी खण्डवा रोड, सनावद का है जिन्हे थाना सनावद बुलाकर विधिवत सोने के आभूषण, दस्तावेज एवं बैग सुपुर्द किया गया ।रामचन्द्र आदिवाल ने बताया कि उनकी पत्नी गूँजा आदिवाल की तबीयत खराब होने के कारण वो इंदौर जा रहे थे तभी जल्दबाजी में बैग वहीं छूट गया था । बैग एवं कीमती आभूषण सुरक्षित वापस मिलने पर उन्होंने सनावद पुलिस की ईमानदारी एवं तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया ।उक्त की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी सनावद उनि धर्मेन्द्र यादव, प्रआर राजेन्द्र, आर राजीव गुर्जर व डायल 112 स्टाफ एवं थाना सनावद के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

## 12वीं के परिणामों में केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया

**बुरहानपुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 13 मई 2026 को घोषित कक्षा 12वीं के परिणामों में केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान और वाणिज्य संकाय के कुल 32 में से 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। वाणिज्य संकाय के 13 में से 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की परंपरा को जारी रखा। पिछले चार वर्षों से केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के कॉमर्स संकाय का परीक्षा परिणाम भोपाल संभाग में सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस उत्कृष्ट रिजल्ट का मुख्य श्रेय प्राचार्य रामावतार यादव, वाणिज्य शिक्षिका ईशा कपिला और कंप्यूटर शिक्षक अरुण कुमार चौधरी को दिया गया। 12वीं कॉमर्स में आयशा वर्मा 95.4 प्रतिशत के साथ टॉपर रहीं। खुशबू पाटील ने 94 प्रतिशत, गौरव शाह ने 88.8 प्रतिशत और रिफत जहाँ ने 86 प्रतिशत अंक हासिल किए। 12वीं साइंस में भव्य अतकड़े 87.8 प्रतिशत हिमांशु पाटिल 87.2 प्रतिशत किंजल खराड़िया 86 प्रतिशत और सार्थक महाजन 83.6 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहे।

# जिले में अनुसूचित जनजाति युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं संचालित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन,

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026-27 में उज्जैन जिले अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवकों एवं व्यक्तियों को सफल उद्यमी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्वरोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र युवक-व्यक्तियों को बैंकों के जरिए स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदक का उज्जैन जिले (म.प्र.) का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ८वीं कक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए तथा आवेदक की आयु आवेदन दिनांक को 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था अथवा सहकारी बैंक का चूककर्ता (डिफॉल्टर) नहीं होना चाहिए। किसी शासकीय योजना अंतर्गत पूर्व से सहायता प्राप्त व्यक्ति इस योजना के लिए पात्र नहीं होगा। योजना के अंतर्गत उद्योग (विनिर्माण मैन्युफैक्चरिंग) इकाई के लिए १ लाख रुपये से ५० लाख रुपये तक तथा सेवा (सर्विस) इकाई एवं खुदरा व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) के लिए 1 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। वितरित अथवा शेष ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान की शर्त पर देय होगा।

टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजनाइसी प्रकार टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत केवल नवीन स्वरोजगार स्थापना के लिए लाभ दिया जाएगा। इस योजना में आवेदक की आयु आवेदन दिनांक को 18 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए।

## मानवता की मिसाल- एक दिन में देहदान व तीन नेत्रदान इससे रोशनी एवं जीवन मिलेगा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



स्व. श्री राजमल जी बरेया (नेत्रदानी) | स्व. श्री धुलचंद जी मांदलिया (नेत्रदानी) | स्व. श्रीमती सुमनदेवी जी धारीवाल (नेत्रदानी एवं देहदानी)

लायंस क्लब एवं संजीवनी फाऊंडेशन द्वारा नगर में एक देहदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई ।वहीं लायंस क्लब एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में लायंस क्लब की नेत्र संग्रहण केंद्र टीम के सहयोग से मानव सेवा का प्रेरणादाई कार्य करते हुए एक ही दिन में तीन नेत्रदान भी संपन्न करवाए गए ।

नगर में मानवता सामाजिक जागरूकता एवं परोपकार की उत्कृष्ट मिसाइल के रूप में देखा जा रहा है। लायंस क्लब ने नेत्रदानी लोकतंत्र सेनानी( मीसा बंधु )स्वर्गीय राजमल बरैया स्वर्गीय धूलचंद मादलीया एवं नेत्रदानी व देहदानी सुमन देवी धारीवाल शामिल रही ।लायंस क्लब ने इस वर्ष का १५ वाँ नेत्रदान कराया ।टीम ने देहदान की पूरी प्रक्रिया कर पार्थिव देह मेडिकल शिक्षा और शोध कार्यों के लिए सुपुर्द की ।क्लब पदाधिकारीयो ने बताया कि नेत्रदान से जरूरतमंदों को नई रोशनी मिलेगी जबकि देहदान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उपयोगी सिद्ध होगी ।

लायंस क्लब एवं संजीवनी फाउंडेशन के अध्यक्ष ने बताया कि नेत्रदान और देहदान केवल दान नहीं बल्कि आने वाले पीडियो के लिए प्रेरणादाई है ।शेखर नाहर ने कहा कि नेत्रदान मानवता के लिए सर्वोच्च दान है तथा समाज को ऐसे प्रेरणादाई कार्यों से आगे आकर जुड़ना चाहिए ।

इस अवसर पर देहदानी स्वर्गीय सुमन देवी धारीवाल एवं लोकतंत्र सेनानी नेत्र दानी स्वर्गीय राजमल बरैया को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ राजकीय सम्मान प्रदान किया गया। अंतिम यात्रा एवं सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में समाज जन परिवार संस्था पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।देहदान की प्रक्रिया में पार्थिव शरीर को रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाने हेतु रेड क्रॉस की एंबुलेंस उपलब्ध करवाने में अध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया का विशेष सहयोग रहा।

## नपा अध्यक्ष की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

### 4 साल बाद दायर याचिका पर कोर्ट ने कहा देर कर दी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा को इंदौर हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। भाजपा पार्षद रुक्मण राजेश धाकड़ ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ जो रिट पिटीशन लगा रखी थी। उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया था कि नगर पालिका अध्यक्ष का निर्वाचन राजपत्र( गजट) में प्रकाशित नहीं हुआ है ।इसलिए वह अध्यक्ष पद पर कार्य नहीं कर सकती है एवं वित्तीय अधिकार भी रोके जावे। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए याचिका खारिज कर दी की याचिका करता ४ साल की के बाद देरी से आए। इस बीच अध्यक्ष ने कई प्रशासनिक एवं वित्तीय निर्णय लिए होंगे । हस्तक्षेप से प्रशासनिक और अराजकता पैदा होगी और नगर पालिका के कामकाज भी प्रभावित होंगे ।

उल्लेखनीय है कि उक्त भाजपा पार्षद धाकड़ ने हाई कोर्ट में अध्यक्ष के विरुद्ध जो याचिका दायर की थी उसमें कोर्ट ने नगरपालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार पर 20 मार्च को रोक लगा दी थी ।इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने भी हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखा तो 10 अप्रैल को हाई कोर्ट ने वित्तीय अधिकार रोकने संबंधी आदेश निरस्त कर दिया था। अब इस प्रकरण की हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है।

### श्रमिकों का सम्मान और नशामुक्ति का संकल्प

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विश्वकर्मा निर्माण प्रभाग (क्रश्वक्रस्न) एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भाग्योदय भवन, आनंद नगर खंडवा में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी शक्ति दीदी की प्रेरक उपस्थिति और उद्बोधन केंद्र में रहा।

## शनि जयंती और अमावस्या पर आज होगा भंडारा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

शनि जयंती, शनि अमावस्या और शनिवार का दुर्लभ संयोग वर्षों बाद होने जा रहा है आज १६ मई शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ शनी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजन, तेलाभिषेक और धार्मिक आयोजनों का दौर शुरू होगा। मंदिर समिति ने इस अवसर पर व्यापक तैयारियां की हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंदिर में स्थापित शनिदेव की प्रतिमा १०० वर्ष से अधिक प्राचीन है, जिसे चमत्कारी और मनोकामना पूर्ण करने वाला माना जाता है। मान्यता है कि शनि जयंती और अमावस्या पर विधि-विधान से पूजा करने पर शनि दोष, साढ़ेसाती, अढ़ैया और राहू-केतु के अशुभ प्रभावों से राहत मिलती है।

सुबह से होगा प्रतिमा पर तेल स्नान अभिषेक मंदिर के पंडित ज्योतिष आचार्य विशाल शर्मा ने बताया कि प्रातः ६ बजे से शाम ४ बजे तक श्रद्धालु अपने हाथों से शनिदेव का तेल स्नान अभिषेक कर सकेंगे। इस दौरान शनि देव और राहू-केतु के अखंड जाप भी किए जाएंगे। श्रद्धालु काला कपड़ा, काले तिल, उड़द, तेल, लोहा, कंबल, छाता, श्रीफल एवं अन्य सामग्री का दान कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। समाज समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पंडित विशाल शर्मा एवं परिवार द्वारा प्रातः काल भगवान का अभिषेक होगा, तत्पश्चात सुबह ६:०० बजे से प्राचीन शनिदेव की प्रतिमा का श्रद्धालु अपने हाथों से तेल स्नान अभिषेक करेगें, यह कार्यक्रम शाम ४:०० बजे तक आयोजित होगा दोपहर १२: बजे जन्मोत्सव आरती के प्रसाद के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा साथ ही शनि देव और राहु केतु के अखंड जाप भी होंगे, रात्रि ८:०० बजे महाआरती, प्रसादी वितरण किया जाएगा।

**भजन संध्या से गूंजेगा मंदिर परिसर**

शाम होते ही मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में रंग जाएगा। रात्रि 8 बजे महाआरती के साथ भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु शनिदेव के भजनों पर भक्ति रस में डूबेंगे। मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर दर्शन और पूजन करने की अपील की है।

## शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से करवाया गया अवगत

**खंड़वा।** नीट एक्जाम पेपर लीक होने पर सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में छात्रों को पुनः परीक्षा के साथ विशेष सुविधा दिए जाने की मांग प्रधानमंत्री से करते हुए एक ज्ञापन कलेक्टर को सोपा गया। वहीं शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया गया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि पेपर लीक होने से २२ लाख छात्रों के नुकसान, मानसिक आघात तथा परीक्षा के प्रति अविश्वास को लेकर उनके हितों के समर्थन में उक्त ज्ञापन कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता को सोपते हुए मंच सदस्यों ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि इस कृत्य की सीबीआई जांच नहीं, न्यायिक जांच हो, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में साइबर एक्सपर्ट व फोरेंसिक टीम सहित हाई लेवल कमेंटी बनायी जायें। दोषियों को कठोर सजा हो ताकि घटना पुनः न हो। प्रिंटिंग प्रेस से लेकर कोचिंग माफिया तक, सभी को पब्लिक एग्जाम एक्ट के तहत जेल हो। छात्रों को राहत देते हुए दोबारा परीक्षा ३० दिन के अंदर आयोजित हो, फ्री ट्रैवल व रहने की व्यवस्था के साथ मानसिक कांउसलिंग के लिए जिला स्तर पर हेल्पडेस्क और ड्रॉपर्स को १ अतिरिक्त अटेम्प्ट दिय जाए।

## हनुमान मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी को वारदात के 8 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

### लाखो रुपए के चांदी के आभूषण, मूर्तियां, सामान तथा नकदी बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा,

थाना मोघट रोड खंडवा पर फरियादी मनोज पिता मणीशंकर उपाध्याय निवासी एलआईजी, किशोर नगर खंडवा ने आकर मौखिक रिपोर्ट किया की मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर पर दिनांक 13 मई के 2 बजे से दिनांक 14 के 5.25 बजे के बीच कोई अज्ञात बदमाश मंदिर के गेट का ताला तोडकर अन्दर घुसकर चांदी के २ मुकुट, चांदी का पहाड, बाजू बंध, चांदी के छत्र 5, चांदी का गलास 1, शिवजी का मुकुट, माताजी का मुकुट, कान का श्रृगार, हनुमान जी की पीतल की मूर्ति, पीतल की घंटी 1, पीमल की लड्डू गोपाल की मूर्ति 2, गणेश जी की पीतल की मूर्ति 1, माताजी की मूर्ति पीतल 1, ताबे के लौटे 16, 1 छोटा दान पात्र, 2 बडे दान पात्र एवं एम्लीफायर आहुजा कंपनी का किमती 10 लाख रुपए का चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मोघट रोड खंडवा पर अपराध क्रमांक 153/2026 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूध्द का कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कन्ट्रोल रूम को एफ.एस.एल. अधिकारी, फोटों ग्राफर, एवं डॉग स्काट को घटना स्थल पर भेजने के लिये बताया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री महेन्द्र ताणेकरण एवं नगर पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री अभिनव कुमार बारंगे भी घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

खंडवा शहर में मंदिर मे हुई चोरी की पतारसी अविलम्ब के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खंडवा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के संबंध में घटना स्थल के आस-पास के लोगों से से पूछताछ की गई। फिंगर प्रिन्ट अधिकारी श्री गणेश पाटीदार द्वारा घटना स्थल पर मौजूद परिस्थिति जन्य एवं भौतिक साक्ष्य संकलित किये गये। घटना स्थल के आस-पास के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज चैक किये गये। घटना स्थल के आस-पास 1 व्यक्ति मोटर सायकल से आता दिखाई दिया। टीम द्वारा फुटेज पर दिखाई दे रहे व्यक्ति की तलाश एवं पतारसी हेतु मुखबीर तंत्र सक्रिय किये गये एवं सम्भावित स्थानों पर की। मुखबीर द्वारा सुचना मिली की विडीयों फुटेज पर दिखाई दे रहा व्यक्ति खानशाहवली खंडवा में रहता है।

# ईश्वर ढूंढ़ने निकले हो



दुनिया के दूसरे हिस्सों में ऐसा विश्वास किया जाता होगा कि मनुष्य का सृजन करने वाला ईश्वर है, लेकिन हमारी संस्कृति में देवताओं का सृजन इंसान ने किया। मानव को उच्चतम अवस्था तक पहुंचाने में सहायक के रूप में यहां अनेक देवता सृजित किए गए। उनमें से कुछ देवता आकर्षक हैं, कुछ डराने वाले हैं, कुछ प्रेम-स्वरूप हैं, तो कुछ उग्रमूर्ति हैं। इनमें से हरेक रूप का मानव के विकास के लिए उपयोग किया गया। तब क्या ईश्वर केवल काल्पनिक पात्र हैं? क्या हमें उनके बारे में चिंता नहीं करनी है? एक छोटा सा बीज माटी के अंदर गिरने पर विशाल वृक्ष के रूप में बढ़ जाता है, कैसे? इस बीज से इसी तरह का पेड़ उगेगा। इन विधि-विधानों का नियामक कौन है? आपसे परे जो शक्ति है, उसे ईश्वर न कहें, तो फिर क्या कह सकते हैं? कुछ शताब्दी पहले आपकी संपूर्ण शक्ति को जगाकर बाहर निकाल लाने के अनेक अनुष्ठान देश में हुए थे। बाद में वे सब विकृत होकर प्रार्थना और मनौतियों के रूप में बदल गए। मंदिर नामक संस्थान ईश्वर से मांगें पेश करने का दरबार नहीं है। मंदिर दरअसल एक शक्ति-केंद्र है। वहां शक्ति को स्थापित करने के लिए रचा गया रूप ही ईश्वर है। जब कोई बाधा आती है, आप पहले अपनी शारीरिक शक्ति से उसे हटाना चाहते हैं। जब वह संभव नहीं होता, तब उसका सामना करने की दिशा में चिंतन करते हैं। जब शरीर और मन, दोनों मिलकर क्रियाशील होते हैं, तो क्षमता बढ़ जाती है। इनके साथ संवेदना को मिलाने पर आपकी बुद्धि एक अनोखे आयाम में पहुंच जाती है। यदि आप अपनी आंतरिक शक्ति का इनके साथ संयोजन करके दृढ़ बनाएंगे, तो परिणाम अद्भुत निकलेंगे। आपके अंदर उसी शक्ति का विकास करने के लिए मंदिर नामक शक्ति-केंद्रों की स्थापना की गई। ज्ञानी-पुरुषों ने अपनी शक्ति का लाभ दूसरों को मिले, इस उद्देश्य से निवेश के रूप में मंदिरों का निर्माण किया। दुर्भाग्य से बाद की पीढ़ियों ने उस शक्ति को ग्रहण करने की क्षमता गंवा दी। फिर भी, मन में छल-कपट के बिना सौ फीसदी निष्ठा के साथ मंदिरों में जाएंगे, तो वह शक्ति काम करेगी। यदि आपके अंदर यह जानने की इच्छा जाग उठे कि ईश्वर का अस्तित्व है या नहीं, तो आप किससे पूछकर जानेंगे? अपनी इस खोज को, तलाश को खुद अपने से शुरू कीजिए। यदि यह बात सही है कि असीम परमेश्वर सब जगह व्याप्त है, तो आपके अंदर भी उसका वजूद होना जरूरी है। है न? साकार रूप में उसे ढूंढ़ना छोड़कर पहले देवत्व को अपने अंदर ढूंढ़कर देखिए। यदि अपने अंदर ईश्वर की सत्ता का अनुभव हो जाए, तो फिर आप मान सकते हैं कि वह यहां भी हो सकता है, वहां भी हो सकता है।



सम्पादकीय

## अमेरिका-चीन से उम्मीद

अमेरिका-चीन की शिखर वार्ता पर दुनिया की निगाह है और वहां से आ रही खबरों पर दुनिया में मिली-जुली प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन में हैं और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी मुलाकातों का सिलसिला जारी है। हर मुलाकात से कुछ खास बातें छनकर सामने आ पा रही हैं। आश्चर्य नहीं, दोनों नेताओं के बीच वार्ता की खबरें चीन से कम और अमेरिका से ज्यादा आ रही हैं। मोटे तौर पर दोनों देश व्यापार समझौता करना चाहते हैं, जिसके लिए दक्षिण कोरिया में दोनों के बीच बातचीत पहले से चल रही थी। यह व्यापार समझौता पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण होगा। यहां यह ध्यान रखने की बात है कि दुनिया में टैरिफ को लेकर जो युद्ध अमेरिका ने छेड़ा, उसका पहला निशाना चीन ही था। चीन के प्रति ट्रंप शिकायतों से भरे हुए थे, लेकिन दुनिया में अर्थव्यवस्था आधारित भू-राजनीति ने ट्रंप को चीन के प्रति नरम होने के लिए मजबूर कर दिया है। अब अमेरिका की मजबूरी का फायदा चीन नहीं उठाए, ऐसा हो नहीं सकता। ट्रंप अगर अपनी इच्छाओं को लेकर मुखर हैं, तो शी जिनपिंग को भी अपने देशहित में किसी भी हद तक जाने में कोई संकोच नहीं है।

आश्चर्य नहीं, मौका देखकर चीन ने कुछ बातें बिल्कुल स्पष्ट कर दी हैं। ट्रंप के चीन दौरे में एक बात बहुत स्पष्ट हो गई है कि बीजिंग अब अमेरिका के सामने लक्ष्मण रेखा खींचने लगा है। वह चाहता है कि अमेरिका ताइवान पर कुछ न बोले, मानवाधिकार और लोकतंत्र का नाम न ले, अपने हिसाब से व्यापार करने के चीन के अधिकार का सम्मान करे। अच्छे रिश्तों के लिए चीन द्वारा अमेरिका के सामने रखी गई शर्तों पर ट्रंप सार्वजनिक रूप से खामोश रहना ही पसंद करेंगे। ये ऐसे अहम मुद्दे हैं, जिन पर अमेरिकी रुख समय और देश के मुताबिक बदलता रहता है। आज चीन ऐसी अहमियत या दर्जा मांग रहा है, जैसा अमेरिका ने आज तक किसी देश को नहीं दिया है। दुनिया में कुछ भी करने-बोलने को अमेरिका अपना अधिकार मानता आया है। अब सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चीन ने अमेरिका के इस अधिकार को चुनौती दी है। कोई दोराय नहीं, अगर ट्रंप चीन से सहमत हो गए, तो विश्व व्यवस्था बदल जाएगी। वैसे, अगर ट्रंप प्रशासन चीन की इस मांग पर चुप भी रह गया, तब भी शी जिनपिंग के लिए यह हां के बराबर होगा। यहां एक और बात गौर करने की है।

### उदयनिधि के बयान और मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की चुप्पी पर देशभर में उठे सवाल

# सनातन को मिटाने की राजनीति पर फिर बवाल



राजेश कुमावत (दैनिक अवन्तिका)



भारत की सांस्कृतिक चेतना और हजारों वर्षों पुरानी परंपरा रहे सनातन धर्म को लेकर तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। पूर्व मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा विधानसभा में सनातन को खत्म कर देना चाहिए जैसी टिप्पणी ने देशभर में नई बहस छेड़ दी है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी वे सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारियों से कर चुके हैं। उस समय भी बयान को लेकर व्यापक विरोध हुआ था, लेकिन अब दोबारा उसी प्रकार की भाषा ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या हिंदू आस्था पर टिप्पणी करना कुछ राजनीतिक दलों की स्थायी रणनीति बन चुकी है?

तमिलनाडु को लंबे समय से सामाजिक समरसता और धर्मनिरपेक्ष राजनीति का उदाहरण बताया जाता रहा है। राज्य में लगभग 87 प्रतिशत आबादी हिंदू समाज से जुड़ी हुई है, जबकि ईसाई समुदाय की संख्या लगभग 6 प्रतिशत बताई जाती है। ऐसे प्रदेश में सनातन धर्म को समाप्त करने जैसी बात कहना करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला विषय बन गया है।

राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर सबसे अधिक चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि क्या किसी अन्य धर्म के विरुद्ध भी कोई नेता इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर सकता है? यदि कोई सार्वजनिक मंच से इस्लाम या ईसाई धर्म को मिटाने की बात कहे, तो क्या राजनीतिक दलों और तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग की प्रतिक्रिया इतनी ही शांत रहती? यही वह प्रश्न है जो अब देशभर में बहस का विषय बना हुआ है।

इस पूरे विवाद में तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की चुप्पी भी चर्चा के केंद्र में है। विधानसभा में दिए गए इस बयान के बाद मुख्यमंत्री की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री होने के नाते उनसे अपेक्षा थी कि वे सभी धर्मों और आस्थाओं के सम्मान की बात करते। लेकिन सार्वजनिक रूप से उनकी ओर से कोई कड़ा विरोध न आने के कारण विपक्ष और हिंदू संगठनों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

जोसेफ विजय और उदयनिधि स्टालिन के पुराने संबंधों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। तमिल फिल्म कुरुवी में उदयनिधि स्टालिन निमार्ता-दिग्दर्शक की भूमिका से जुड़े थे, जबकि विजय मुख्य अभिनेता थे। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों और व्यक्तिगत संबंधों को लेकर भी कई प्रकार की चर्चाएं सामने आ रही हैं। हालांकि लोकतंत्र में व्यक्तिगत संबंध अलग विषय हैं, लेकिन जब करोड़ों लोगों की आस्था का मामला हो, तब जनता निष्पक्ष और स्पष्ट प्रतिक्रिया की अपेक्षा करती है।

इतिहास गवाह है कि सनातन धर्म को समाप्त करने या उसकी जड़ों को कमजोर करने के अनेक प्रयास हुए, लेकिन भारत की सांस्कृतिक चेतना सदैव मजबूत होकर उभरी। सनातन केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे सार्वभौमिक विचारों पर आधारित जीवन-दर्शन है। यही कारण है कि इसे केवल एक धार्मिक पहचान के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा के रूप में देखा जाता है।

तमिलनाडु की इस पूरी घटना ने हिंदू समाज के सामने एक बड़ा प्रश्न खड़ा कर दिया है। जब राज्य की लगभग 87 प्रतिशत आबादी सनातन परंपरा से जुड़ी हो, तब उसी समाज की आस्था पर खुले मंच से प्रहार किए जाएं और सत्ता मौन बनी रहे, तो यह केवल राजनीतिक विषय नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रश्न बन जाता है। आज आवश्यकता केवल प्रतिक्रिया देने की नहीं, बल्कि संगठित वैचारिक जागरण की है। हिंदू समाज को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में संख्या केवल आंकड़ा नहीं होती, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास और वैचारिक सजगता का प्रतीक भी होती है।

जिस सनातन ने हजारों वर्षों तक भारत की सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को जीवित रखा, उसी सनातन के विरुद्ध यदि बार-बार अपमानजनक शब्द बोले जा रहे हैं और बहुसंख्यक समाज मौन रह जाता है, तो यह आत्ममंथन का विषय है। तमिलनाडु में एक ईसाई मुख्यमंत्री का सनातन विरोधी बयान पर चुप रहना भी राजनीतिक और सामाजिक विमर्श का विषय बन गया है। सवाल किसी व्यक्ति विशेष के धर्म का नहीं, बल्कि उस संवैधानिक दायित्व का है, जहां सत्ता में बैठे व्यक्ति से हर आस्था के सम्मान की अपेक्षा की जाती है।

आज आवश्यकता है कि हिंदू समाज भावनात्मक प्रतिक्रिया से आगे बढ़कर वैचारिक रूप से जागृत हो, अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझे और लोकतांत्रिक माध्यमों से अपनी आस्था के सम्मान के लिए सजग बने। क्योंकि इतिहास यह बताता है कि जो समाज अपनी संस्कृति और परंपरा के प्रति उदासीन हो जाता है, उसकी पहचान धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि वोटबैंक की राजनीति में धार्मिक प्रतीकों और आस्थाओं को निशाना बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित संकेत नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी आस्था के समूल नाश की भाषा सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मयार्दा दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। देशभर में उठ रही प्रतिक्रियाओं के बीच अब यह सवाल प्रमुखता से पूछा जा रहा है कि क्या स्टालिन परिवार इस बयान पर देश से माफी मांगेगा, या फिर यह विवाद भी राजनीतिक बयानबाजी बनकर सीमित रह जाएगा। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि सनातन धर्म को लेकर दिया गया यह बयान तमिलनाडु की राजनीति से निकलकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन चुका है।

## साख पर बट्टा

उस दिन घर के स्टोर-रूम के सबसे अंधेरे कोने में, जहाँ मकड़ियों ने अपनी नई रियासत बसाई थी, एक दिल दहलाने वाला हादसा हुआ। घर की नई बहू ने कबाड़ साफ करते हुए एक भारी, आयताकार पत्थर को पैर से ठेल दिया। वह पत्थर, जो कभी इस घर की रसोई का भीष्म पितामह था, जिस पर मेरी दादी ने अपनी पूरी जवानी घिस दी थी और जिसकी रगड़ से निकली खुशबू मोहल्ले के आवारा कुत्तों की भूख भी जगा देती थी, आज अपनी ही औलादों के घर में अछूत हो गया था। सिलबट्टा मरता नहीं है, वह बस चुप हो जाता है। उसकी यह चुप्पी किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की संवेदनाओं से साक्षात्कार करने लगती है। आज के इस ग्लास-फिनिश वाले जमाने में, जहाँ रिश्ते भी इंस्टेंट नूडल्स की तरह दो मिनट में बनते और बिगड़ते हैं, वह सिलबट्टा उस पुराने, वफादार मजदूर की तरह कोपभवन में पड़ा है, जिसे जबरन वीआरएस के बाद घर के बाहर वाले कमरे में खटिया दे दी गई हो।

सिलबट्टे का जाना दरअसल हमारे घर की ममता का अंत है। हमें याद है, माँ जब उस पर लाल मिर्च और लहसुन का इंसाफ करती थी, तो पत्थर और बट्टे की जो जुगलबंदी होती थी, वह किसी रूहानी संगीत से कम नहीं थी। वह सूँ-सूँ की आवाज... वह पत्थर का पत्थर से टकराना... वह केवल मसाला नहीं पिस रहा होता था, बल्कि माँ अपने दिन भर की सारी थकान, सारा गुस्सा और सारा प्यार उस सिल पर उंडेल देती थी। सारा गुस्सा सिलबट्टे पर उंडेल देने से घरवालों से लड़ाई-झगड़ा करने का मन ही नहीं होता था। सिलबट्टे से चटनी नहीं बनती थी, वह माँ के हाथ का रक्तचाप होता था जो हमारे पेट में जाकर हमें सुकून देता था। आज की मिक्सी तो कैंसर की मशीन है। वह चलती है तो ऐसा लगता है जैसे घर में कोई इलेक्ट्रिक कटर चल रहा हो। इस आवाज का दिमाग पर भी असर होता है। इस आवाज के चलते छोटी-छोटी बातें कब पहाड़ बन कर अनबन कर दें, पता ही नहीं चलता है। मिक्सी मसालों को पीसती नहीं है, उनके अरमानों का कत्ल कर देती है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 मई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 18:57
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - अमावस्या 25:31 उपरांत एकम
नक्षत्र - भरणी 17:29 उपरांत कृतिका
योग - सौभाग्य 10:25 उपरांत शोभन
करण - चतुष्पद
चन्द्रमा - मेष में है। 22:47 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 28 तारिख

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें।

**सिंह-** पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या-** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**तुला-** वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**धनु-** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर-** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ-** किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा।

**मीन-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

हास-परिहास

## सप्ताह की प्रमुख खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

बंगाल चुनाव में स्वयं व टीएमसी की करारी हार होने के बावजूद भी अगले दिन इस्तीफा नहीं देने की घोषणा कर ममता दीदी ने संवैधानिक संकट खड़ा किया। 7 मई को कार्यकाल समाप्ति पर राज्यपाल द्वारा उन्हें बर्खास्त करना पड़ा।



ओम वर्मा (दैनिक अवन्तिका)

जनमत को स्वीकार कर, अगर दिया पद त्याग।
पाँच साल के बाद फिर, 'लक' सकते हैं जाग॥

केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971' में संशोधन किया...राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को अब राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' के समान दर्जा प्राप्त होगा। राष्ट्रगान के अपमान की तरह राष्ट्रगीत के अपमान पर भी अब सजा या जुमार्ना होगा।

राष्ट्रगीत को भी मिले, आज वही सम्मान।
आजादी की जंग का, यही गीत था शान॥

साल लगे या सदी, हम ईवीएम को हटाकर ही रहेंगे। - अखिलेश यादव।

नाच दिखाओ इस तरह, दर्शक जाएँ झूम।
आँगन टेढ़ा है नहीं, सबको है मालूम॥

विदेशी मुद्रा बचाने के लिए गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदें।₹ अमेरिका-ईरान युद्ध के परिप्रेक्ष्य में विदेशी मुद्रा भण्डार को सुरक्षित रखने के लिए पीएम का आव्हान।

आभूषण निर्माण भी, करते कुछ मजदूर।
उनके भी भवितव्य की, चिंता करें हुजूर॥

एक ओर पीएम मोदी ने युद्ध के परिप्रेक्ष्य में संभावित विपत्ति को देखते हुए पेट्रोल-डीजल बचाने की, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता और मप्र पाठ्यपुस्तक निगम के नवनियुक्त चेयरमेन सौभाग्यसिंह करीब 500 वाहनों के काफिले के साथ उज्जैन से भोपाल पदभार ग्रहण करने पहुँचे।

''ईंधन की करिए बचत', बोले पंतप्रधान।
यह कारों का काफिला, झूठी है यह शान॥

## शनैश्चराय जय शनैश्चराय

शनैश्चराय जय शनैश्चराय.
बडे ठाठ - बाट से मनती है, बडे जोर - शौर से मनती.
जयंति सूर्य - छाया सुत की बडी धूमधाम से मनती.
शनि जयंती शनि जयंती, शनि जयंती शनि जयंती.
ज्येष्ठ की अमावस्या को आती है शनि जयंती.
शनैश्चराय जय शनेश्चराय, शनेश्चराय जय शनैश्चराय.
शनिवार को शनि देव की पूजा करने से, शनि मित्रों का जाप करने से.
बाधा हटती पीड़ा मिटती रवि नंदन की कृपा बरसती.
शनैश्वराय जय शनैश्वराय,
शनैश्चराय जय शनैश्चराय.
नीलांजन समभासम रविपुत्रम यामाग्रजम.
छाया मार्तडं शंभूतं तं नमामि शनैश्चरम.
नीलांजना जय नीलांजनाय.
शनैश्चराय जय शनेश्चराय.
नीलांजनाय जय नीलांजनाय.
शनेश्वराय जय शनेश्चराय.
शं शं शं शं, शं शं शं शं शनेश्चराय.
शनेश्चराय जय शनेश्चराय.
नीलांजनाय जय नीलांजनाय.



सूरज उज्जैनी (दैनिक अवन्तिका)

# गर्मियों में तरबूज या खरबूजा कौन है सबसे ज्यादा लाभकारी?



गर्मियों के मौसम में कई तरह के फल मिलते हैं जिसमे से एक तरबूज , खरबूजा , आम , सेब आदि हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं की ये तरबूज और खरबूजा इन दोनों में क्या सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है । बता दें इन दोनो ही फलों में अच्छी मात्रा में पानी पाया जाता है जो हमारी बॉडी को हाई रेटेड रखता है जिससे हमें गर्मी से राहत मिलती है। इसलिए ये दोनो ही फल काफी पौष्टिक होता है । लेकिन हम यहां आपको बताएंगे कि कौन सा फल ज्यादा अच्छा होता है। चलिे जानते हैं।

**तरबूज और खरबूजा में किसका सेवन है अधिक फायदेमंद?**

तरबूज में कई पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं जैसे कि विटामिन, पोटेशियम, आयरन, मैग्नीशियम , लाइकोपीन आदि जो हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है । इसके कई सारे फायदे देखने को मिलते हैं जैसे की ये गर्मियों में पानी की कमी को दूर करता है क्योंकि इसमें अधिक मात्रा में पानी पाया जाता है इस वजह से ये अच्छा होता है । साथ ही अगर आपको अपना वजन कम करना हो तो तरबूज का सेवन करना लाभकारी रहेगा ऐसा इसलिए क्योंकि यह फाइबर से भरपूर होने के कारण क्रेविंग को भी कंट्रोल करता है। ऐसे में अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो आप तरबूज का सेवन कर सकते हैं।

आपकी जानकारी के लिए बता दें की ये हार्ट के लिए काफी लाभकारी है ये कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है जिससे हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है । अधिक मात्रा में फाइबर होने के कारण ये पाचन क्रिया को भी ठीक रखने का काम करता है इसके साथ ही ये आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट करता है।

अगर बात करे खरबूजे की तो इसमें भी कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जातें है जैसे फाइबर, मैग्नीशियम, पोस्टेशियम, कार्ब्स, प्रोटीन, विटामिन आदि । तरबूज की तरह इसके भी कई फायदे होते है जैसे की ये इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है साथ ही पाचन क्रिया को भी मजबूत बनाता है । गर्मियों में इसका सेवन करने से बॉडी को ठंडक मिलती है साथ ही शरीर हाइड्रेटेड रहता है । इसके सेवन से हार्ट की बीमारी नही होती है और ये हार्ट को हेल्थी भी रखता है इसके साथ-साथ ये आखों की रोशनी को भी बढ़ाता है जो इसमें पाए जाने वाला जिक्सनथिन में होता है साथ ही ये किडनी की बीमारियों के लिए भी फायदेमंद है।

धर्म-आस्था

# क्षौर कर्म से जुड़े नियम किस प्रकार आपकी आयु पर डालते हैं प्रभाव?



हिन्दू धर्म में साफ-सफाई से लेकर बाल-नाखून इत्यादि काटने के कई नियम बताये गए हैं। इन नियमों में विशेष क्रम, वर्जित दिन और शुभ मुहूर्त बताए गए हैं , जिसमें आप ये सब काम कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं। शास्त्रों और गृह्य सूत्रों में इन्हें क्षौर कर्म विधि कहा गया है। क्षौर कर्म वह धार्मिक-कर्म है, जिसमें शरीर के केश, दाढ़ी-मूंछ और नाखून काटने का विधान शामिल होता है। इसे केवल सौंदर्य क्रिया नहीं, बल्कि शास्त्रीय नियमों के साथ जुड़ा कर्म माना गया है, जो शुद्धिकरण और आध्यात्मिक ऊर्जा को संतुलित करने के जरूरी माना गया है। क्षौर कर्म में बताया गया है कि आपको शरीर में पहले कहाँ के बाल कब और कैसे काटना चाहिए, यानि शरीर के बाल और नाखून काटने के दिन और मुहूर्त के साथ-साथ क्रम भी बताये गए हैं।

**क्षौर कर्म के नियम क्यों हैं जरूरी?**

क्षौर कर्म, हिंदू परंपरा में एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसका अर्थ होता है - बाल या दाढ़ी-मूंछ का विधिपूर्वक काटना या मुंडन करना। यह केवल सफाई या सजावट नहीं, बल्कि धार्मिक शुद्धिकरण से जुड़ा कर्म माना जाता है। कुछ लोग इसे नियमित शुद्धि के लिए भी करते हैं। क्षौर कर्म के लिए धर्मशास्त्रों में कई नियम बताए गए हैं। क्षौर कर्म सामान्यतः शुभ तिथि और वार में किया जाता है। इसमें अमावस्या, पूर्णिमा या विशेष पर्वों पर इसका विशेष महत्व होता है। कुछ परंपराओं में स्त्रियों के लिए यह नियम अलग होते हैं। श्राद्ध कर्म में पुत्र या कर्ता को क्षौर कराना आवश्यक माना गया है। इससे पितरों के प्रति सम्मान और शुद्धि का भाव व्यक्त होता है। क्षौर कर्म के बाद स्नान करना आवश्यक माना गया है। यह अहंकार और पुरानी अशुद्धियों को त्यागने का प्रतीक है और शरीर और मन की शुद्धि का माध्यम माना जाता है।

क्षौर कर्म से जुड़े विशेष नियम शास्त्रों में शरीर के बाल हटाने का एक परंपरागत क्रम बताया गया है। नियम के अनुसार, व्यक्ति को पहले दाढ़ी को दाहिनी ओर से पूरा कर लेना चाहिए, फिर मूंछ, फिर बगल के बाल और अंत में सिर के बाल काटना चाहिए। नाखून अंत में काटने का विधान है। यह क्रम शुद्धि-विधान और सामाजिक शिष्टाचार से जुड़ा माना जाता है। कुछ विशेष दिनों में क्षौर कर्म करना वर्जित माना गया है, जैसे कि एकादशी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रांति, व्यतिपात/भद्रा, व्रत-दिन और श्राद्ध के दिन। कुछ अन्य दिनों पर भी बाल या नाखून काटने से आयु-प्रभाव या अशुभता का उल्लेख भी मिलता है। जैसे कि, मंगलवार पर क्षौर कर्म करने से व्यक्ति की आठ महीने की आयु कम हो जाती है, वहीं शनिवार को काटने से 7 महीन कम हो जाते हैं और रविवार पर एक महीने। अगर आप सोमवार को क्षौर कर्म करते हैं, तो आपकी आयु आठ महीने बढ़ जाती है लेकिन संतान सुख पाने वालों को इस दिन यह कर्म नहीं करना चाहिए। गुरुवार को यह कर्म करने से दस महीने आयु बढ़ जाती है लेकिन धन और ज्ञान पाने की इच्छुक लोगों को इस दिन से भी बचना चाहिए। शुक्रवार इस कर्म को करने के लिए सबसे शुभ दिन है। इस दिन क्षौर कर्म करने से ग्यारह महीने आयु बढ़ जाती है, वहीं बुधवार को करने से पांच महीने की आयु बढ़ जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी-5101-5750, डालर-3461-8000, मटर-1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन-2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी-टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## ब्लैक स्पाट्स पर सड़क सुरक्षा सुदृढ़ीकरण हेतु व्यापक निरीक्षण अभियान

**तनोडिया** । जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से नवागत पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी द्वारा बुधवार को दोपहर में पुलिस साहयता केन्द्र तनोडिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एन,एच 552 जी क्षैत्र के आगर उज्जैन रोड पर आए दिन हो रही संवेदनशील दुर्घटना स्थलों का किया गया गहन निरीक्षण दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दिए गए ठोस निर्देश के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। स्पीड कंट्रोल, प्रकाश व्यवस्था एवं संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से सडक सुरक्षा बढ़ाने पर संबंधित एनएचएआई के अधिकारी से चर्चा कर कैसे वाहनों की स्पीड कम हो सके। इसके बारे में गुन्दीफंटा पर रोड के दोनों तरफ वाहनों की तेज रफ्तार को केसे धीमी गति कर सके। उनके बारे में चर्चा की गई। और ब्लाक स्पाट्रस लगाने की बात की गई। और अवलोकन किया। एसपी सोनी ने रात्रि गश्त गश्त व्यवस्था, पुलिस बल की उपस्थिति तथा नाइट पेट्रोलिंग की वास्तविक स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने नाइट गश्त में तैनात पुलिस कर्मियों से सीधे संवाद कर गश्त मार्ग, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, चेकिंग पॉइंट्स तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच प्रक्रिया की जानकारी ली।

## सांदीपनि विद्यालय कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 12वें वर्ष भी शत प्रतिशत रहा




**नलखेड़ा।** सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा का बोर्ड परीक्षा 2026 का कक्षा 12 वी गणित विषय का परीक्षा परिणाम लगातार 12वें वर्ष शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के गणित विषय के शिक्षक मुकेश चौरसिया ने बताया कि गणित विषय की सभी छात्राओं रविना यादव (91.2%), दीक्षा सिसौदिया (88%),प्रियंका कुशवाह (82.2%), वंदना गोस्वामी (81.8%),संध्या यादव (80.2%), ज्योति सिसोदिया (78.8%),वर्षा पाटीदार (77.8%), शारदा यादव (76.4%),पायल राजपूत (75.8%) सलोना यादव(75.4%), नेहा कुम्भकार (72.6%), दिशा सोनी (72.2%), ऋतु राजपूत (68.8%) ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर इतिहास रचा। ।छात्रा रविना यादव ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।उन्हें स्कूटी प्राप्त होगी। 10 छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन की मेधावी छात्र लेपटॉप योजना अन्तर्गत लेपटॉप प्राप्त होगा। छात्राओं की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं एवं गणित विषय के शिक्षक मुकेश चौरसिया को बधाई दी।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में जाँच के बाद 15 मोतियाबिंद मरीज को ऑपरेशन के लिए भेजा



**आगर मालवा।** आगर मालवा में शुक्रवार को 22वां विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। गुदरावन, नलखेड़ा में सद्गुरु सेवा संघ आनंदपुर और सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त देखरेख में यह शिविर पाटीदार धर्मशाला, गुदरावन में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों और जरूरतमंद मरीजों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुल 75 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के बाद 15 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। इन चयनित मरीजों को बस से आनंदपुर भेजा गया है, जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। संस्था की ओर से मरीजों के लिए जांच, ऑपरेशन, आने-जाने की व्यवस्था, भोजन, लेंस, दवाइयां और चश्मा सहित सभी सुविधाएं पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर के आयोजन में ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय नागरिकों ने इसे सफल बनाने में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। शिविर के लाभार्थी कन्हैयालाल पाटीदार रहे। इस अवसर पर जय नारायण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जनसेवा के उद्देश्य से लगातार ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आगामी शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर नि:शुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन सुविधा का लाभ लेने की अपील की।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

पराली से जले पौधों को भी सुरक्षा प्रदान करने पहुंचे दल के सदस्य

# पर्यावरण प्रेमी दल ने की पेड़-पौधों की जल सेवा, ईंधन बचाने का भी दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर सारंगपुर के पर्यावरण प्रेमी दल ने पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित में एक सराहनीय कदम उठाया है। दल के सदस्यों ने न केवल पौधों को इस भीषण गर्मी में जीवनदान देने का बीडा उठाया है, बल्कि पेट्रोल की बचत कर राष्ट्रीय संसाधनों के संरक्षण का भी संदेश दिया है।

**ईंधन की बचत और जल सेवा का संगम**

पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्य एनके सोनी ने बताया कि पहले हर सदस्य अपनी बाइक पर दो कैन रखकर अलग-अलग पौधों तक पानी पहुँचाने जाता था। लेकिन अब पेट्रोल बचाने के लिए उन्होंने नया तरीका निकाला है। अब एक ही वाहन पर 8 पानी की कैन रखी जाती हैं, जिससे तीन अन्य वाहनों के पेट्रोल की सीधी बचत हो रही है। वाहन से निश्चित स्थानों पर कैन उतार दी जाती हैं और सदस्य पैदल जाकर पौधों को पानी पिला रहे हैं। दल ने आम जनता से भी अपील की है कि वे राष्ट्रहित में पेट्रोल



की बचत के ऐसे छोटे-छोटे प्रयास अवश्य करें।

जहाँ एक ओर दल कड़ी मेहनत से पौधों को सींच रहा है, वहीं दूसरी ओर मानवीय लापरवाही इन प्रयासों पर पानी फेर रही है। श्रीसोनी ने बताया कि हाल ही में आरोग्य वाटिका साईं मंदिर परिसर और तलेनी रोड पर जल सेवा के दौरान हृदयविदारक दृश्य देखने को मिला। ड्रीम होम सिटी के पास एक खेत में जलाई गई पराली की आग की चपेट में आने से 3-4 साल पुराने पाँच विशाल पौधे बुरी तरह झुलस गए। वही एबी रोड किनारे कचरा जलाया, जिससे साईं मंदिर परिसर में लगे बरगद और पीपल के पौधे क्षतिग्रस्त हो गए।

**नगरवासियों से मार्मिक अपील**

पर्यावरण प्रेमी एलएन त्रिकार एवं सोनी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पौधों को जानवरों से बचाना तो आसान है, लेकिन इंसानों की लापरवाही से बचाना मुश्किल हो रहा है। इस भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान में जरा सी आग पौधों को पूरी तरह नष्ट कर देती है। पर्यावरण प्रेमी दल, सारंगपुर ने समस्त नगरवासियों निवेदन करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे या पौधों के पास पराली और कचरा न जलाएं। पौधों को बडा करने में वर्षों की मेहनत लगती है, उन्हें नष्ट होने से बचाएं। पर्यावरण सुधार और शुद्ध ऑक्सीजन के लिए पौधों को सुरक्षित रखें।

## आज शनिचरी अमावस्या पर होंगे धार्मिक आयोजन, मंदिर में रहेगा भक्तिमय माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

शनिचरी अमावस्या एवं सूर्यपुत्र शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर आज शनिवार को नगर के सत्यनारायण गली स्थित श्री सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है।

मंदिर समिति के अनुसार प्रातः 9 बजे शनिदेव का विशेष तेलाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे पूर्णाहूति महाआरती संपन्न होगी। वहीं रात्रि 8 बजे संध्या श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा।

शनिजयंती के अवसर पर दिनभर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं शनिदेव के जयकारे लगाए जाएंगे। मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान



शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

आयोजन को सफल बनाने में पंडित सुभाष जोशी, निलेश जोशी (टोनी बाबा) सहित मंदिर समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

**महिलाएं करेंगी वट वृक्ष की पूजा**

नगर सहित क्षेत्रभर में आज शनिवार 16 मई को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखेंगी तथा वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना गया है। महिलाएं सुबह स्नान कर पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के नीचे एकत्रित होंगी, जहां विधि-विधान से पूजा कर वृक्ष की परिक्रमा करेंगी और धागा बांधकर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना करेंगी। साथ ही व्रत कथा का श्रवण भी किया जाएगा। नगर के मंदिरों एवं वट वृक्ष स्थलों पर पूजा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कई स्थानों पर साफ-सफाई एवं पूजा व्यवस्था की गई है। पंडितों के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या पर आने वाला यह व्रत दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। वहीं व्रत को लेकर बाजारों में भी रौनक दिखाई दे रही है। पूजा सामग्री, फल-फूल, श्रृंगार एवं पूजन से जुड़ी दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। महिलाएं पूजा के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी में जुटी हुई हैं।

## नपाध्यक्ष वित्तीय अधिकार समाप्त करने को लेकर न्यायालय ने प्रकरण को किया खारिज

**खाचरोद।** नगर के विकास कार्यों को रोकने और जनहित के कार्यों में बाधा डालने के उद्देश्य से कुछ दलालों एवं भ्रष्टाचारियों द्वारा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खाचरोद के वित्तीय अधिकार समाप्त करने हेतु माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। किन्तु माननीय न्यायालय ने तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उक्त याचिका को निरस्त कर दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आधा दर्जन चिकित्सकों को दिए नोटिस

**चार क्लिनिकों को सील किया**

**जगोटी।** उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र में एक क्लिनिक पर कथित गलत इलाज से छात्रा की मौत के बाद जागे स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को जगोटी में लगभग दो घंटे तक विभिन्न क्लिनिकों की जांच की । बीएम ओ शोभना भावर व उनकी टीम के जगोटी पहुंचने के पहले कथित झोला छाप डॉक्टर अपने क्लिनिकों पर ताला लगा कर रवाना हो गए । बीएम ओ के अनुसार दस से अधिक क्लिनिक चिन्हित किए गए हैं सभी को अपने चिकित्सा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु तीन दिन का समय दिया गया है, चार क्लिनिकों पर सील लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में कथित तौर पर इलाज करने वाले डाक्टरों की भरमार है अन्य प्रदेशों से आए इन कथित डाक्टरों द्वारा अपने आधार, वोटर कार्ड भी यहीं के बनवाकर इलाज किया जा रहा कुछ ने तो यहां बड़े मकान बनवाकर वहीं चिकित्सालय खोल दिए हैं, व गंभीर बीमारियों के इलाज भी किए जा रहे हैं। दस दिन पहले चोक बाजार जगोटी में ग्राम कुंवाडिया के एक युवक का गलत ढंग से इलाज करने पर विवाद हुआ था। कुछ मेडिकलों पर प्रतिबंधित दवाईयों के विक्रय की जानकारी सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। अन्य प्रदेशों से यहां आकर चिकित्सा संबंधी कार्य करने वाले किराए के मकान व दुकान लेकर अपना व्यवसाय कर रहे हैं इनके आधार कार्ड व अन्य जानकारियां न तो मकान मालिक के पास है न ही ऐसी जानकारी थाना राघवी को उपलब्ध कराई गई है।

## फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का रहा सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम



**सारंगपुर।** सारंगपुर नगर के निजी विद्यालय फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को एक बार फिर सिद्ध कर दिखाया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में प्रेम खत्री ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में विद्यालय का परचम लहराया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि जहां आज के विद्यार्थी कई प्रकार की ऑनलाइन ओर ऑफलाइन कोचिंग करने के बाद भी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का नाम सुनकर घबरा जाते है ऐसे माहौल में फ्यूचर इंटरनेशन पब्लिक स्कूल का विद्यार्थी बिना किसी कोचिंग के नगर में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करता है। इतना ही नहीं विद्यालय के अन्य विद्यार्थी वंशिका माहेश्वरी ने 93%, महेनूर इल्मा अंसारी 84.40%, ऋषिता शर्मा 84.20%, नयन वास्त्री 84.20%, अक्शा शेख ने 83.60%, फीसदी परीक्षा परिणाम प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठ शैक्षणिक नीति को परिभाषित किया है। सारंगपुर नगर का सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 12वी में सर्व श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम विद्यालय परिवार के लिए भी गौरव का विषय है। इसके पूर्व जहां विद्यालय के विद्यार्थी निर्मल परिहार ने कक्षा 10 वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, नगर और माता-पिता का नाम गौरांवित किया था। कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के प्रबंधक नितिन परिहार ने बताया कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थीयों का सर्वांगीण विकास है चाहे वो शैक्षणिक स्तर पर हो या खेलो के स्तर पर। इसीलिए हमने विद्यालय में हर विषय के विशेषज्ञों का समावेश शिक्षकों के रूप किया है।

## शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या आज, बरसेगी पितरों की विशेष कृपा



**सारंगपुर।** आज का यह ज्येष्ठ अमावस्या पर्व केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आकाशीय संकेतों से सजा हुआ वह अद्भुत क्षण है, जब कर्म, काल और कृपा तीनों एक साथ मानव जीवन को स्पर्श करने उतर रहे हैं। आज का दिन सनातन परंपरा में एक ऐसे दिव्य योग का साक्षी बनने जा रहा है, जिसे ज्योतिषाचार्य दुर्लभ संयोग और महाशुभ कालखंड बता रहे हैं। इस दिन शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का महासंयोग एक साथ बन रहा है, जिसके कारण सम्पूर्ण क्षेत्र सहित नगर में श्रद्धा, साधना और शनि आराधना की दिव्य लहर प्रवाहित होगी। खेडापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं विप्र पवन ब्रज जगदीश पारीक ने बताया कि जब अमावस्या शनिवार को आती है तो वह शनिश्चरी अमावस्या कहलाती है, और उसी दिन सूर्यपुत्र भगवान शनिदेव की जयंती का होना मानो कर्मफल के अधिपति स्वयं पृथ्वी पर अपने भक्तों के लिए कृपा-द्वार खोल रहे हों। धर्मग्रंथों में यह दिन दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति प्रदान करने वाला माना गया है। इस वर्ष यह महासंयोग विशेष माना जा रहा है क्योंकि शनि देव अपनी स्वराशि कुंभ में स्थित होकर शश महापुरुष योग तथा शश राजयोग का निर्माण कर रहे हैं।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ सूचनाकर्ता के स्वामित्व का एक भूखंड क. 02 (सर्वे नं. 196/1, 196/1/1 का भाग) नीमनवासा वार्ड क. 41 उज्जैन में स्थित है। जिसे विधिवत विक्रय करने का अनुबंध श्रीमती अनीता पति श्यामलाल जायसवाल निवासी 81 पुष्पांजली नगर आगररोड उज्जैन (पानबिहार) से तय हुआ है। विकय धनराशि का एक भाग अदायगी बाकी है इसलिये भूखंड पर कब्जा भी मुझ सूचनाकर्ता का है।

मुझे जानकारी मिली है कि केता मुझे संपूर्ण मूल्य अदा करने के पूर्व ही बाले-बाले उक्त भूखंड किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है जो अवैध व अनुचित है।

मैं इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित करता हूं कि उपरोक्त वर्णित भूखंड कय करने का अनुबंध न करे न ही रजिस्टर्ड विक्रय पत्र संपादन का प्रयास करे यदि वह ऐसा करता है तो मुझ सूचनाकर्ता पर दस्तावेज बंधनकारी नही होगा। ऐसी स्थिति में क्रेता को होने वाले नुकसान के लिये वह स्वयं जवाबदार रहेगा। सूचित हो। दिनांक : 15.05.2026

**पुरूषोत्तम पिता मांगीलाल परमार**
**35, ब्राह्मणगली उज्जैन मोबा.नं. 9229685579**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि मोहनलाल गुर्जर पिता स्वं केशरलाल गुर्जर निवासी ग्राम सिपावरा तहसील घटिटया जिला उज्जैन से मूल भूमि स्वामी रेखाबाई पति स्वं संतोष गुर्जर निवासी 45 ग्राम सिपावरा से अपनी अनुबंधित की हुई कृषि भुमि जिसका सर्वे नम्बर 192/2 रकबा 0.72 हैक्टर सर्वे क्रमाकं 181 रकबा 0.18 हैक्टेयर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.90 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सिपावरा प.ह.न. 09 तहसील घटिटया जिला उज्जैन म०प्र० में होकर उक्त भूमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-15-05-2026

**ज्योतिष शर्मा (दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मो0नं0 96300-65216,**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शैलेश यादव पिता भगवती सिंह यादव, निवासी-इन्दौर (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-32/2 रकबा-3.3800 हेक्टर जो कि ग्राम कुंवरिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई हैं शेष राशि अदा करना बाकी हैं। यदि उक्त भूमि में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंध कग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सो सूचित हो ।

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**संपर्क-98272-64140**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्रीमती तारा व्यास पत्नि श्री दिलीप व्यास, निवासी उज्जैन (म.प्र.) के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन म्यु. क्रमांक 6 व म्यु. क्रमांक 7 जो कि मिर्जा नईम बेग मार्ग, गली नंबर 02, उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित हैं। उक्त दोनों भवन का संयुक्त क्षेत्रफल लगभग 47.38 वर्गमीटर हैं। जिस पर तीन मंजिला भवन आवासीय सह व्यवसायिक उपयोग का पुराना निर्मित हैं। उपरोक्त संपूर्ण भवन को भवन स्वामी से मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर अनुबंध का संपादन कर लिया हैं। जल्द ही उक्त भवन का दस्तावेज विक्रय-पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त भवन के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त भवन कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त भवन से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भवन की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त भवन को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 15/05/2026, स्थानः उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मोबाईल नं. 87707-18997**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान / प्लाट 106, नजर अली मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 87.64 वर्गमीटर है। चतुर्सीमा पूर्व में- मकान शर्मा जी का, पश्चिम में- मकान सुभाष जैन, उत्तर में शासकीय रोड, दक्षिण में गली स्थित है। उक्त संपत्ति पवन सारडा पिता पुरूषोत्तमदास जी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022023A11678462 दिनांक 30/03/2023 के माध्यम से दयाल खत्री पिता ईश्वरलाल जी खत्री को विधिवत प्राप्त हुई हैं। उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में BANK OF BARODA में बंधक है जिसकी NOC आवश्यक रूप से प्राप्त की जावेगी। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर दयाल खत्री पिता ईश्वरलाल जी खत्री द्वारा ऋण प्राप्त करने करने हेतु ICICI BANK LTD में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि ICICI BANK LTD द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार ICICI BANK LTD का रहेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 15/05/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शैलेन्द्र सिंह पिता श्री मानसिंह दरबार, निवासी ग्राम पंवासा, तहसील उज्जैन ने पंकज चिंतामणी पिता श्री अरविंद चिंतामणी, निवासी- 347-बी, तुलसीनगर इन्दौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 219 रकबा 0-700 में से 0-300 हेक्टर दक्षिण दिशा वाली भूमि स्थित ग्राम बमौरी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन एवं श्रीमती अर्पणा चिंतामणी पति श्री पंकज चिंतामणी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 219 रकबा 0-700 में से 0-400 हेक्टर उत्तर दिशा वाली भूमि स्थित ग्राम बमौरी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी संपादित करवा ली है। शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उपरोक्त भूमि का रजिस्ट्री बयनामा संपादित कराया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर किसी भी बैंक, संस्था, अथवा निकाय का कोई ऋण भार हो या अन्य किसी प्रकार से लेख आदि किया हुआ हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी लेखी आपत्ति मय प्रमाण के कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा अपने हित में संपादित करा लेवेगें तत्पशचात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा समस्त लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शून्य माने जावेगे।

इति दिनांक- 15/05/2026 उज्जैन

**कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट-नोटरी**
**कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन**
**कार्यालय समय प्रातः 10 से 11:30 तक**
**मो. 98260-50947**

# अस्पताल की नब्ज टटोलने पहुंची सीएमएचओ

**शाजापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखने और मरीजों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार दोपहर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. कमला आर्य ने पोलायकलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। अचानक सीएमएचओ के अस्पताल पहुंचने से महकमे में हलचल मच गई। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना किया, बल्कि मरीजों से सीधा संवाद कर अस्पताल की सेवाओं का फीडबैक भी लिया।

चप्पे-चप्पे का किया मुआयना, परखी जमीनी हकीकत

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. आर्य के साथ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भूदेव महेता, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) महेन्द्र परमार और संस्था प्रभारी डॉ. उमर फारूक शाह भी मौजूद रहे।



अधिकारियों के दल ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब और वार्डों का सघन निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, मरीजों के पंजीयन की व्यवस्था और टीकाकरण की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया। डॉ. आर्य ने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य और मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि मरीजों के प्रति पूरी संवेदनशीलता और सेवाभाव के साथ कार्य किया जाए। साथ ही बीएमओ महेन्द्र परमार को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए। साथ ही, समय पर उपचार और टीकाकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान बीएमओ महेन्द्र परमार ने अस्पताल में स्टाफ के टोटे की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वीकृत पदों की तुलना में नर्सिंग स्टाफ की संख्या काफी कम है, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से देने में कठिनाई आ रही है। इस पर सीएमएचओ ने आश्वासन दिया कि स्टाफ की कमी के इस गंभीर मुद्दे को वरिष्ठ स्तर पर प्रमुखता से उठाया जाएगा और जल्द ही इसका निराकरण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के देवेन्द्र पालीवाल, गोविन्द कलमोदिया सहित अस्पताल का समस्त नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

## NEET पेपर लीक में पुणे का केमेस्ट्री प्रोफेसर अरेस्ट

**नई दिल्ली।**
**NEET (UG)** पेपर लीक मामले में शुक्रवार को 8वीं गिरफ्तारी हुई। पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी आरोप है कि उन्होंने परीक्षा से पहले स्टूडेंट्स को सवाल और उनके सही जवाब बता दिए थे। कुलकर्णी को ही लीक मामले का मास्टरमाइंड बता रही है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी लातूर का रहने वाला हैं। केमिस्ट्री का डोमेन एक्सपर्ट हैं। कई सालों तक NEET पेपर तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा भी रहा हैं। कुलकर्णी को पेपर तक सीधी पहुंच थी। वह पुणे में अपने घर पर कोचिंग क्लास चलाता था। जहां वो पहले ही हृश्वश्वञ्ज पेपर में आने वाले सवालों का जवाब कैंडिडेट्स को बता देता था। 3 मई के पेपर से पहले अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से कई स्टूडेंट्स लीक पेपर दिया।इधर, पेपर लीक से दुखी दिल्ली की 20 साल की लड़की और यूपी के लखीमपुर खीरी के 21 साल के युवक और गोवा के 17 साल के लड़के ने फांसी लागकर सुसाइड कर लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को 2 दिन का वर्क फ्रॉम होम

**नई दिल्ली ।** पीएम मोदी की ईंधन बचत की अपील पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वर्किंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब कोर्ट के हर विभाग का स्टाफ दो दिन वर्क फ्रॉम होम पर रहेगा। सभी जज कार पूल करेंगे। रजिस्ट्री से जुड़ा 50 फीसदी स्टाफ भी घर से काम करेगा। सोमवार, शुक्रवार और मिसलेनियस डे ( जो दिन पहले से तय नहीं होते) पर लिस्ट मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। इसके अलावा कोर्ट के अन्य वर्किंग डे में भी सुनवाई ऑनलाइन ही की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक समय पर भेजें और टेक्निकल सपोर्ट हर समय उपलब्ध रहे, जिससे अदालत की कार्यवाही प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट सचिव जनरल भारत पराशर ने इस संबंध नें सर्कुलर जारी किया है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि एक ही दिन, एक ही सेक्टर में उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन कुछ अलग हवाई किराया लेती है, जबकि दूसरी एयरलाइनल अलग किराया लेती है। इसे सही किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार यात्रियों को राहत दे। दरअसल जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर सुनवाई की। उनकी मांग है कि देश में मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, जो एयरलाइनों के किराए और एक्स्ट्रा चार्जेस पर निगरानी रखे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने बेंच से कहा- हवाई किराया 300 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इस पर बेंच ने मजाक में कहा- वकीलों की फीस भी कई बार 400 % तक बढ़ जाती है, क्या किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर में शराबबंदी की मांग को लेकर बीजेपी का प्रदर्शन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर को 100 दिनों के भीतर नशा मुक्त बनाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच रविवार को एक पत्रकार के सवाल पर मुख्यमंत्री के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया। अब्दुल्ला ने कहा था कि लोग अपनी मर्जी से शराब का सेवन करते हैं। सरकार किसी को भी शराब की दुकानों पर जाने के लिए मजबूर नहीं कर रही है। उन्होनें कहा, ये दुकानें उन लोगों के लिए हैं जिनका धर्म उन्हें शराब पीने की इजाजत देता है। जम्मू-कश्मीर में अभी तक किसी भी सरकार ने इन दुकानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। इसी मुद्दे पर श्रीनगर में शुक्रवार को बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर में शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आवास की ओर मार्च करने से रोक दिया।

## प्रो. आलोक शर्मा बने राजीव गांधी विवि के कुलपति

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रो. आलोक शर्मा, निदेशक भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर को आरजीपीवी का कुलपति नियुक्त किया है। यह नियुक्ति चार वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इसके अलावा राज्य शासन ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति भी की है। राज्य शासन ने मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग में सोनम निनामा और अधिवक्ता अर्चना गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया है।

## कांग्रेस ने सौंपी जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**पीथमपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन ने धार जिले में महिला उत्पीड़न विभाग के लिए मोनिका सोलंकी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी और लोकसभा उम्मीदवार राधेश्याम मुवेल सहित जिले के सभी विधायकों की अनुशंसा पर की गई है। मोनिका सोलंकी की नियुक्ति की खबर मिलने के बाद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह नियुक्ति जिले में महिलाओं के अधिकारों और उनके संरक्षण के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी।

## कारण बताओ नोटिस से भड़के शिक्षक ने कार्यालय में किया हंगामा, एफआईआर दर्ज

**शाजापुर।** बोर्ड परीक्षाओं के अति-महत्वपूर्ण समय के बीच वरिष्ठ अधिकारियों से अभद्रता करना और शासकीय कार्य में बाधा डालना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। जनपद शिक्षा केंद्र में घुसकर बीआरसीसी व कर्मचारियों को धमकाने और दस्तावेज ले जाने के आरोप में पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में आपराधिक मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, शासकीय माध्यमिक विद्यालय लालाखेड़ी के उच्च श्रेणी शिक्षक लोकेन्द्र नागर 21 फरवरी को 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में अनुपस्थित थे। इस लापरवाही पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) योगेश भावसार ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आरोप है कि इस नोटिस से नाराज होकर शिक्षक लोकेन्द्र नागर 24 फरवरी की दोपहर करीब 1.30 बजे जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने बीआरसीसी व अन्य कर्मचारियों प्रमोद गुप्ता, गोवर्धनलाल सौराष्ट्रीय आदि के सामने गाली-गलौज की और अधिकारियों को देख लेने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी कार्यालय से कुछ जरूरी दस्तावेज भी अपने साथ ले गया, जिससे बोर्ड परीक्षा से जुड़ा कार्य प्रभावित हुआ।

### डीईओ की अनुमति के बाद एफआईआर

घटना के बाद बीआरसीसी योगेश भावसार ने शाजापुर थाने में लिखित शिकायत की। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय से एफआईआर की अनुमति और सत्यापित पत्र मिलने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक लोकेन्द्र नागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## सुंदरसी में जनगणना कार्य का निरीक्षण, अधिकारियों ने परखी मैदानी हकीकत

**शाजापुर।** जिले में चल रहे जनगणना कार्य की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अब वरिष्ठ अधिकारी सीधे फील्ड पर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल से आए संभाग प्रभारी राजेश मौर्य और जिला प्रभारी मिलिंद देशपांडे ने ग्राम सुंदरसी का दौरा किया और वहां चल रहे जनगणना कार्य का जायजा लिया। गांव के भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी जुटाने की प्रक्रिया को करीब से देखा। उन्होंने इस काम में लगे सुपरवाइजरों और प्रगणकों से चर्चा कर उनकी परेशानियां जानीं। मैदानी स्तर पर काम करते समय आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों ने मौके पर ही उनका समाधान भी किया। अधिकारियों ने अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए और तय समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत काम पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान पोलायकलां की जनगणना चार्ज अधिकारी अंकिता पाटकर, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी घनश्याम लोहार, तुषार शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य सुपरवाइजर और प्रगणक उपस्थित थे।

## एक साल से फरार निगरानी बदमाश गिरफ्तार, रात में पुलिस ने की घेराबंदी

**शाजापुर।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत मोहन बड़ोदिया पुलिस ने पिछले एक साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी शाजापुर कोतवाली क्षेत्र का निगरानी बदमाश भी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशों पर काम करते हुए थाना प्रभारी एसआई अरविन्द सिंह तोमर को मुखबिर से आरोपी की सटीक लोकेशन मिली थी।

सूचना के आधार पर 14 मई की रात पुलिस टीम ने दबिश देकर लोहरवास निवासी मोहन लाल पिता शंकर लाल गुर्जर को धर दबोचा। पुलिस अब आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस शातिर बदमाश को पकड़ने में थाना प्रभारी तोमर के अलावा कार्यवाहक प्रधान आरक्षक हेमेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा और सुरेश राठौर की अहम भूमिका रही।


### नाम परिवर्तन सूचना

विवाह के पूर्व मुझे लक्ष्मी माटोलिया पिता विश्वनाथ माटोलिया के नाम से जाना जाता था, विवाहोपरांत मुझे रेवती राठौर पति हितेंद्र सिंह राठौर निवासी 109 शिवांश एवेन्यू, सुमन गार्डन के पीछे, देवास रोड, उज्जैन के नाम से जाना जाता है। भविष्य में मुझे रेवती राठौर पति हितेंद्र सिंह राठौर के नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**प्रेषक**
**रेवती राठौर पति हितेंद्र सिंह राठौर**
**निवासी 109 शिवांश एवेन्यू सुमन गार्डन के पीछे**
**देवास रोड उज्जैन 9827223937**

### न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 60/2026 विविध
**अकनबाई पति नरवरसिंह आदि**
**निवासीगण - लोटिया जुनार्दा तहसील**
**महिदपुर जिला उज्जैन**
**वि.**
**कालूसिंह पिता नरवरसिंह आदि निवासी:- लोटिया जुनार्दा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन आदि**

**// सूचना-पत्र //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक ईश्वर पिता नरवरसिंह की मृत्यु दिनांक 15.12.2024 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद् रूपये 10,30,322=00 (दस लाख तीस हजार तीन सौ बावीस मात्र) ओरिएण्टल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा जमा किये गये। अत: मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 16/06/2026 को प्रात: 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन मे प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें।

मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 13.05.2026 को जारी किया गया।

**( नीरज कुमार प्रजापति )**
**COMMISSIONER Workmen's Compensation**
**UJJAIN (MP**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म ओंकार स्टोन क्रशर पता 212, ग्राम मोरूखेडी, हल्का शंकरपुर, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) पंजीयन क्रमांक 07/33/01/0124/19 दिनांक 13/02/2019 है। जिसमें दिनांक 13/12/2021 को संदीप कुलश्रेष्ठ पिता श्री कृष्ण मंगल सिंह कुलश्रेष्ठ पता सी-296, विवेकानन्द कॉलोनी, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) को नये भागीदार के रूप में फर्म ओंकार स्टोन क्रशर पता ग्राम मोरूखेडी, हल्का शंकरपुर, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) में प्रवेश हुआ है। तथा जिसमे दिनांक 13/12/2021 फर्म का पता 212, ग्राम मोरूखेडी, हल्का शंकरपुर, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्थान पर नवीन पता खसरा नं. 188, पटवारी हल्का नं. 58, ग्राम सुरजन वासा, मक्सी रोड़, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) हो गया है। वर्तमान में इस फर्म का पता खसरा नं. 188, पटवारी हल्का नं. 58, ग्राम सुरजन वासा, मक्सी रोड, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) से कार्यरत रहेगी। तथा जिसमे दिनांक 01/04/2026 को (1) किरण जिंदल पति श्री मनोज जिंदल, पता ए-5/18, बसंत विहार, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.), (2) संदीप कुलश्रेष्ठ पिता श्री कृष्ण मंगल सिंह कुलश्रेष्ठ पता सी-296, विवेकानन्द कॉलोनी, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) अपनी अपनी स्वेच्छा से फर्म ओंकार स्टोन क्रशर पता खसरा नं. 188, पटवारी हल्का नं. 58, ग्राम सुरजन वासा, मक्सी रोड, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) से पृथक हो गये हे। उक्त दिनांक 01/04/2026 से इस फर्म ओंकार स्टोन क्रशर पता खसरा नं. 188, पटवारी हल्का नं. 58, ग्राम सुरजन वासा, मक्सी रोड, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) से दोनो पार्टनरो (भागीदारों) का कोई लेना देना नही है।

वर्तमान में इस फर्म ओंकार स्टोन क्रशर में निम्न भागीदार रह गये है।
(1) मनोज जिंदल
(2) मानस जिंदल

**M/s OMKAR STONE CRUSHER**
**Manufacturer of gitti, bolder, moorum, etc.**

**Khasra No. 188Halka No 58 Surjanwasa Ujjain - 456664 (M.P.) India**
**Mobile No.: 7898900888, 9589099888**
**Mail: info.oscujjain@gmail.com**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 05 का भाग स्थित कालीदास मार्ग गली न.02 गणेशपुरा मक्सी रोड़ उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफ्ल 77.89 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- रोड़, पश्चिम में- गली, उत्तर में- शिला पति श्री कैलाश का भवन तथा दक्षिण में- गीताबाई, बाबुलाल का भवन स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति श्रीमति शांति बाई पति स्व. श्री गोविंद जी, श्रीमति गीताबाई पति श्री शिवनारायण मेवाडी, श्रीमति हेमलता बाई पति श्री रामसिंह जी, श्रीमति विद्याबाई पति श्री रामप्रसाद जी, श्रीमति कल्पना बाई पति श्री कृष्णलाल मेकाले पुत्रीगण भेरूलालजी एवं बाबुलाल पिता भेरूलाल ने हक त्याग पत्र क्रमांक एमपी 432022019 ए 1640609 दिनांक 11/09/2019 को विमला पति श्री हरिश सिसौदिया पुत्री भेरूलाल के हित में निष्पादित किया। तथा श्रीमति विमला ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो। दिनांक 15/05/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज,**
**उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामीनी श्रीमती धनवंती चेतनाणी पति श्री नोतनदास चेतनाणी निवासी रविन्द्रनाथ टेगोर मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 3 जो कि विनायक ग्रीन सिटी कॉलोनी ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। भूखंड का कुल क्षेत्रफल 100.10 वर्गमीटर हैं को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का अनुबंध किया है जिसके पूर्व में-भूखंड क्रमांक 02, पश्चिम में - भूखंड क्रमांक 04, उत्तर में-12.00 मीटर चौड़ी सडक, दक्षिण में-अन्य भूमि है । उक्त संपत्ति का क्रय अनुबंधपत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि का भुगतान कर करवा लिया गया है। उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण / भार / बोझा / हक़ / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे । तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी 7 यह सूचित हो । इति दिनांक 15-5-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या.50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**( न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे ) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

### भारत सरकार
### मंत्रालय
### सामाजिक न्याय और अधिकारिता दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5 वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक खुला रहेगा। इसका विवरण निम्नानुसार है

1. आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (व्ल्यू.अवार्ड्स.गोव.इन) पर किए जायेंगे।

ई. वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई, 2026 तक प्राप्त आवेदन/नामांकन पर हीं विचार किया जाएगा।

वर्ष 2026 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (व्ल्यू.अवार्ड्स.गोव.इन) पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से सम्बंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए। व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत उप-श्रेणियों सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन, श्रेष्ठ दिव्यांगजन और श्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बाल/बालिका के लिए, यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

1 भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1 पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट (व्ल्यू.डिप्यूडी.गोव.इन) पर उपलब्ध दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर भी देखे जा सकते हैं।

**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष 011-24369057**
**सीबीसी 38117/11/0001/2627**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण गोविन्द पिता श्री चैनसिंह एवं भावना बाई पुत्री श्री चैन सिंह निवासीगण ग्राम जयवन्तपुर तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-107/2/3 रकबा 0.3140 हेक्टयर में से रकबा 0.100 हेक्टयर स्थित ग्राम जयवन्तपुर तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-92 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-15.05.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. - बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-94250 94349**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी दीपक पिता श्री गोकुल सिंह आयु 30 वर्ष जाति राजपूत सामान्य वर्ग व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम खेडाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 214/1/1 रकबा 0.71 हैक्टर कुल किता 01 कुल रकबा 0.71 हैक्टर स्थित ग्राम खेडाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र में स्थित होकर से अनुबंध पत्र संपातिद कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है एवं समय अवधि में पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा। यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालीयन समय में लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो-

इति दिनांक-15-06-2026

**विष्णु राईया सर्विस प्रोवाईडर**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 75664-70288**

## शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य- डॉ. प्रमोद सेठिया

**मन्दसौर।** शास. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, मंदसौर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार सेठिया ने काउंसलर मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शारीरिक स्वास्थ्य। तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्श लेने के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई।कार्यक्रम का सफल समन्वयन मेंटल हेल्थ नोडल अधिकारी श्री विकास सोलंकी द्वारा किया, स्वागत भाषण डॉ. क्षितिज पाठक द्वारा दिया गया एवं अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संस्था स्टाफ, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरण शिविर 19 मई से

**नीमच।** श्री अंबामाता आरोग्य आश्रम सेवा न्यास, ग्राम निपानिया आबाद, नीमच, अन्नपूर्णा सेवा न्यास, नीमच, तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर द्वारा, दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर्स एवं सहायक उपकरण वितरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह शिविर श्री धन्वंतरी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर, पूज्य संत श्री सुरेशानंद सरस्वती महाराज संस्थापक श्री अंबामाता आरोग्य आश्रम, निपानिया आबाद, जिला नीमच (मध्य प्रदेश) अखिल भारतीय रुद्राक्ष महासभा कि प्रेरणा से के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं उपकरण प्रदान किए जाएंगे। दिनांकः १९ से 23 मई समयः प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक श्री स्वर्णकार समाज मांगलिक भवन,सब्जी मंडी पथ के सामने, नीमच पर होगा।सभी जरूरत मंद दिव्यांगजन इस निःशुल्क सेवा का लाभ अवश्य लें।

## सेजावता बायपास पर उर्स मेले के आयोजन पर प्रशासन ने लगाई रोक

**रतलाम।** शहर के महू-नीमच रोड स्थित सेजावता बायपास पर शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण और बिना अनुमति के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखा गया। इस मामले में हिंदू समाज और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और प्रस्तावित उर्स के आयोजन पर रोक लग गई।सौपे गए ज्ञापन के अनुसार, सेजावता बायपास पर मुख्य सड़क पर स्थित सर्वे नंबर 104 की शासकीय भूमि पर हजरत पहलवान बाबा शाह की दरगाह का अवैध निर्माण किया गया है। शिकायतकताओं का कहना है कि करीब दो वर्ष पूर्व प्रशासन ने इस स्थान से अतिक्रमण हटा दिया था। लेकिन, कुछ तत्वों द्वारा पुनः मनमाने ढंग से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ा लिया गया।

## एसडीएम ने सिंगोली क्षेत्र की भण्डारण केंद्रों का किया निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जिले में विस्फोटक भंडारण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी, एसडीओपी जावद श्री अमित राठौर, तहसीलदार श्री प्रेम शंकर पटेल, नायब तहसीलदार श्री बालकृष्ण मकवाना ने सिंगोली तहसील के ग्राम फुसरिया, जराड़, सोलंकी खेड़ा, अथवा, खोलपुरा बड़ी आदि स्थानों पर स्थित सभी मैगजीनों के भण्डारण स्थलों/ गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विस्फोटक भंडारण, सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्था, अभिलेख संधारण एवं परिसर की सुरक्षा का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया। संबंधित लाइसेंसियों को विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिये।

# रतलाम / फोरलेन पर बस-बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत

## हादसे से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सड़क पर खड़ी कर लगाया चक्काजाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

नामली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन हाईवे पर गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह शव को एम्बुलेंस में रखकर फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया।

मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश और आश्वासन के बाद करीब एक घंटे बाद जाम खुल सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बड़ौदा निवासी कन्हैयालाल (27) पिता बसंतीलाल और सुखराम (25) पिता भगवान लाल, दोनों ढोल बजाने का काम करते थे। गुरुवार रात करीब ९ बजे दोनों नामली से अपनी मोटरसाइकिल द्वारा वापस अपने गांव बड़ौदा लौट रहे थे। इसी दौरान बड़ौदा फटे पर एक तेज रफ्तार मीनाक्षी बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि कन्हैयालाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सुखराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अहमदाबाद रेफर कर दिया है।

स्पीड ब्रेकर और मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम

घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आज (शुक्रवार) सुबह मृतक कन्हैयालाल के शव को एम्बुलेंस में रखकर बड़ौदा फटे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि ?बड़ौदा फटा होने के बावजूद रोड पर न तो कोई स्पीड ब्रेकर बनाया गया है और न ही कोई सांकेतिक बोर्ड (निशान) लगाया गया है, जिससे आए दिन हादसे होते हैं। ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा राशि देने और घायल युवक के इलाज की मांग प्रशासन के सामने रखी।

**अधिकारियों ने दी समझाइश**

चक्काजाम की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर और एसडीओपी किशोर पाटनवाला भारी पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा की। प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा दिलाने और गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) व संकेतिक बोर्ड लगवाने का लिखित/मौखिक आश्वासन दिए जाने के बाद, करीब एक घंटे से जारी चक्काजाम को समाप्त किया गया।

## कलेक्टर ने मेडिकल दुकानों की नियमित जांच और तस्करों पर नकेल कसने के निर्देश दिये

### 3 फार्मासिस्ट दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड, 6 को नोटिस जारी



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम, नियंत्रण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना, एएसपी, जिला अफीम अधिकारी, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले में फार्मासिस्ट एवं केमिस्ट दुकानों की नियमित जांच करते हुए लगातार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिसके तहत ६ दुकानों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा 3 दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि नारकोटिक्स के विरुद्ध कार्रवाई में आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें तथा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। उन्होंने अंतरराज्यीय बसों में विशेष सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए, ताकि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। साथ ही विद्यार्थियों एवं आमजन को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए।



## आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** आशा उषा आशा सुपरवाईजर महासंघ भारतीय मजदूर संघ जिला मंदसौर द्वारा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्य रूप से आशा कार्यकताओं की उन तीन महत्वपूर्ण गतिविधियों के मानदेय को फिर से शुरू करने का आग्रह किया गया है जिन्हें बिना किसी ठोस कारण के बंद कर दिया गया है। इन गतिविधियों में त्रैमासिक गर्भावस्था पंजीकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और कृमिनाशक दिवस का मानदेय शामिल है। संघ ने मांग की है कि आशाओं के इस रुके हुए मानदेय को अविलंब पुनः चालू किया जाए। साथ ही श्री देवड़ा का ध्यानाकर्षण कराया गया कि 6 सितम्ब 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष एक हजार रुपये की वृद्धि करने की घोषणा की गई थी। जहां एक ओर आंगनवाड़ी कार्यकताओं के वेतन में पिछले दो वर्षों से वृद्धि हो रही है, वहीं आशा और आशा पर्यवेक्षकों को आज तक इस वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका है। इस अवसर पर संगठन की संयोजक संतोष सालवी, जिलाध्यक्ष रेखा बैरागी, कोषाध्यक्ष निधि पारीख, बरखा सुरगी आदि उपस्थित थे।

## सुमित्रा चौधरी अध्यक्ष, रीटा पारिख सचिव व सोना काबरा कोषाध्यक्ष बनीं



सुमित्रा चौधरी, रीटा पारिख, सोना कावरा

मन्दसौर। लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक ने आगामी सेवा सत्र २०२६-२७ के लिए नवीन टीम का गठन किया है। जिसमें अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी, सचिव रीटा पारिख व कोषाध्यक्ष सोना काबरा को मनोनीत किया गया। क्लब अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि नई कार्यकारिणी में रेखा रातड़िया को प्रथम उपाध्यक्ष और मनीषा मण्डवारिया को द्वितीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नॉमिनेशन कमेटी मे ला. सुषमा नाहटा, ला. संतोष सेठी, ला. चन्द्रकांता पौराणिक एवं ला. पूजा गांधी को तथा मेम्बरशीप कमेटी में नीता छापरवाल, पुष्पा चेलावत, चित्रा मण्डलोई और उषा चौधरी को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त पीआरओ के रूप में सीमा जैन, मार्केटिंग चेयरपर्सन के दायित्व हेतु चंदा कोठारी, टेमर पद पर सोनल चौरड़िया तथा टेलट्विस्टर के रूप में रितु पोरवाल अपनी सेवाएँ देंगी। क्लब के नीतिगत निर्णयों और संचालन में सहयोग हेतु एक विस्तृत संचालन मण्डल भी बनाया गया है जिसमें क्लब की सदस्यों को शामिल किया गया है।

## विगत वर्ष मंदसौर जिले में स्थापित लघु उद्योगों से 1428 लोगों को रोजगार मिला

### बैठक में नए क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और स्थानीय रोजगार पर जोर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति बैठक में उन्होंने औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में भूमि का आवंटन हो चुका है, वहां विकास कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि नए उद्योग जल्द से जल्द शुरू हो सकें। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि उद्योगों में निर्धारित मापदंडों के तहत स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। साथ ही, उन्होंने बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में औद्योगिक प्रगति के आंकड़े साझा करते हुए बताया गया कि वर्ष २०२५-२६ के दौरान जिले में २८३ नए लघु उद्योग पंजीकृत हुए हैं, जिससे लगभग १४२८ लोगों को रोजगार मिला और करीब ८७ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है। वर्तमान में जग्गाखेड़ी फेस-२, बसई और सेमली काकड़ जैसे नए औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर का काम निरंतर जारी है, जिसे पूरा होते ही आवंटन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने एमएसएमई उद्योगों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की बात कही ताकि नए उद्यमियों को प्रोत्साहन मिले। बैठक में मौजूद उद्योगपतियों की समस्याओं को सुनते हुए कलेक्टर ने उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समय सीमा भी निर्धारित की है।

## जादुई सोने का लालच देकर 13 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** शहर की कोतवाली पुलिस ने जादुई तरीके से सोने के बिस्किट दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने के तीन नकली बिस्किट भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि एक महिला फरियादिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सिलाई-कढ़ाई के काम के दौरान उसका संपर्क भूरू खां नामक व्यक्ति से हुआ था। आरोपी ने महिला को उसकी गरीबी दूर करने का लालच दिया और दावा किया कि वह जादू-टोने के जरिए उसके कच्चे मकान की जमीन से सोने के बिस्किट निकाल सकता है।

आरोपी की बातों में आकर महिला ने जून 2025 से नवंबर 2025 के बीच किस्तों में कुल 14 लाख 80 हजार 790 रुपये आरोपी को दे दिए। ठगी को अंजाम देने के लिए आरोपी ने महिला के घर में जादू-टोने का ढोंग रचा और उसे 10 नकली बिस्किट थमा दिए। आरोपी ने पकड़े जाने का डर दिखाकर महिला को बिस्किट बाजार में बेचने से मना कर दिया। जब महिला को शक हुआ और उसने बिस्किट की जांच कराई, तो वे पीतल के निकले। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी भूरू खां पिता नन्हे खां, निवासी सीतामऊ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से रिमांड के दौरान अन्य वारदातों और ठगी गई राशि की बरामदगी के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## एस पी राजेश व्यास का 'पैदल' भ्रमण एक घंटे में शहर का जायजा लिया

**नीमच।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक ने पद संभालने के दो दिन बाद ही



एक्शन मे दिखाई दिए द्य इन्होंने १ घंटे में शहर के तीन-चार किलोमीटर पैदल भ्रमण कर इलाके का जायजा लिया द्य इससे पुलिस कर्मचारियों से लेकर अपराधियों तक सन्देश साफ गया कि सभी अमन शांति के लिए कानून का पालन करना होगा ! नीमच के नए पुलिस अधीक्षक (स्क्क) राजेश व्यास ने साफ कर दिया है कि उनके राज में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों की खैर नहीं है । पदभार ग्रहण करने के बाद नए एस पी सीधे 'एक्शन मोड' में आ गए हैं। गुरुवार की देर शाम जब लोग अपने घरों में थे, तब नए एसपी खुद सड़कों पर 'ऑन ड्यूटी' उतर चुके थे। इससे शहर की भौगोलिक स्थिति और कानून व्यवस्था को समझने के लिए एसपी राजेश व्यास ने किसी वाहन गाड़ी का सहारा नहीं लिया, बल्कि खुद 3.5 किलोमीटर तक पैदल चलकर शहर का जायजा लिया । करीब एक घंटे तक चले इस 'मेगा पैदल मार्च' से अपराधियों के हौसले पस्त हो गये।

## जिले में अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से जारी अव्यवस्थित बिजली आपूर्ति और अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ आज जिला कांग्रेस कमेटी ने पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। शुक्रवार दोपहर गोमाबाई रोड स्थित अधीक्षण यंत्री कार्यालय पहुंचे कांग्रेसजनों ने विभाग की लचर कार्यप्रणाली पर गहरा आक्रोश जताते हुए सीधे अधीक्षण यंत्री जयपाल सिंह ठाकुर को बिजली कटौती पर आपत्ति जताते हुए जनता की कई समस्याएं बताई।

कांग्रेस नेताओं ने अधीक्षण यंत्री के सामने सीधे तौर पर विभाग की पोल खोलते हुए कहा कि जब पूरा जिला भीषण लू और जानलेवा गर्मी की चपेट में है, तब उपभोक्ताओं को सुचारू और निर्बाध बिजली देना विभाग का पहला कर्तव्य है। लेकिन इसके ठीक उलट, शहर से लेकर गांवों तक बिना किसी सूचना के घंटों बिजली बंद रखी जा रही है, जिसने आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। नेताओं ने तीखे लहजे में कहा कि विभाग कागजों पर जितनी घोषित कटौती दिखाता है, असलियत में बिजली उससे दोगुने समय तक गुल रहती है। इस अघोषित और मनमाने पावर कट के कारण शहर के कई वार्डों में पानी तक का संकट खड़ा हो गया है, वहीं घरों में बंद बीमार बुजुर्गों, मरीजों और छोटे बच्चों को इस तड़पाने वाली गर्मी में असहनीय कष्ट भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों और व्यापार की स्थिति का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। नेताओं ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिजली देने का कोई अता-पता ही नहीं है, कोई टाइम-टेबल तय नहीं है। इस वजह से किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है और उनके पशुओं को पानी पिलाने की समस्या के अलावा किसानों की गर्मी की उद्यानिकी खेती को भारी नुकसान पहुंच रहा है, जो किसानों के पेट पर लात मारने जैसा है। वहीं दूसरी तरफ, बार-बार होने वाली ट्रिपिंग ने स्थानीय छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और लघु उद्योगों का धंधा चौपट कर दिया है। लगातार वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से लोगों के घरों और दुकानों के कीमती बिजली उपकरण जल रहे हैं, जिससे जनता पर आर्थिक रूप से दोहरी मार पड़ रही है।इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों को घेरते हुए जिले के सत्ताधारी दल के विधायकों को आड़े हाथों लेते हुए उन पर तीखा हमला बोला। बाहेती ने स्थानीय विधायकों की चुप्पी पर गहरा निशाना साधते हुए कहा कि अघोषित विद्युत कटौती से जिले की जनता और अन्नदाता त्रस्त हैं, कराह रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी सत्ता पक्ष के विधायक इस गंभीर मुद्दे पर अपना मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे संकट के समय अपनी जनता के साथ खड़े हों, लेकिन नीमच जिले के विधायक जनता को इस भीषण संकट में बेसहारा छोड़कर मौन साधे बैठे हैं। विधायकों को इस समय राजनीति से ऊपर उठकर जनता के इस गहरे दुख और तकलीफ में उनके साथ खड़ा होना चाहिए था और सरकार के सामने उनकी आवाज उठानी चाहिए थी, परंतु उनकी यह चुप्पी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला कांग्रेस ने अधीक्षण यंत्री जयपाल सिंह ठाकुर को सौंपे गए तीखे पत्र में साफ शब्दों में कहा की यदि नीमच शहर और ग्रामीण अंचलों में तुरंत यह अघोषित विद्युत कटौती बंद की जाए।

## न्यूज कालम



## साहित्य परिषद पिपलिया मंडी के द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित की गई

**पिपलिया मंडी।** 14 मई को अखिल भारतीय साहित्य परिषद पिपलिया मंडी के तत्वाधान में काव्य गोष्ठी संपन्न की गई जिसमें श्यामलाल बोराना अंबालाल जी कारपेंटर राधेश्याम जी सैनी वासुदेव जी धनोतिया सुनील राठौर ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिनिधि रचना सुने श्याम लाल जी बोराणा ने डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला और उसके महत्व को बताया अंबालाल जी कारपेंटर ने दस्त का धांश के ऊपर सुंदर कविता सुनाइए राधे श्याम जी से सैनी पर्यावरण के ऊपर अपनी कविता सुनाई और वन काटते वन के ऊपर अपनी पीड़ा व्यक्ति की पंकज जी शर्मा ने गौ सेवा के ऊपर अपनी कविता सुनाई वासुदेवजी धनोतिया ने गौ सेवा के महत्व बताया सुनील राठौर ने गौ माता के ऊपर गीत सुनाया अंत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुनील राठौर ने आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री के खाद्य तेल के कम उपयोग को लेकर कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन



**पिपलीया मंडी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खाद्य तेल के कम उपयोग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा की अगुवाई में शुक्रवार को प्रातः १० बजे ज्योतिबाफुले चौराहे पर " मोदी ब्रांड खाद्य तेल" के पाउच हाथ मे लेकर अनूठा प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने जनता को भरोसा दिलाया था कि खाऊंगा न खाने दूंगा,आज अपना वादा पूरा कर देशवासियों से तेल कम खाने की नसीहत दे डाली।क्या यही अच्छे दिनो की परिभाषा है।अपनी नाकामियों पर पर्दा डालकर देश को गुमराह करने में लगे है।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि मोदी जी कहा सोना मत खरीदो,विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ,खाने का तेल कम करो यह उपदेश नही ये मोदी सरकार की नाकामी के सबूत है। 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है कि क्या खरीदे क्या नही।शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया(ईरान-अमेरिका)संकट के कारण उत्पन्न होरहे ऊर्जा और आर्थिक संकट के लिए पहले से तैयारी करने के बजाए प्रधानमंत्री जनता को तेल कम खाने की ओर कम पेट्रोल डीजल इस्तेमाल करने की सलाह दे रहे है।

## रतलाम-नीमच दोहरीकरण के बाद कुछ ट्रेनों के समय में हुआ संशोधन

**नीमच ।** रतलामझ्रनीमच रेलखंड के दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने एवं इस खंड पर यातायात प्रारंभ होने के बाद ट्रेनों के संचालन में उल्लेखनीय गति आई है तथा समयपालनता में सुधार हुआ है। यात्रियों को अधिक सुगम, सुविधाजनक एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मंडल के परिचालन विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए इस खंड से संचालित कुछ ट्रेनों के आगमन एवं प्रस्थान समय में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पांच पैसेंजर ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है, जिससे प्रतिदिन लगभग 55 मिनट तथा साप्ताहिक रूप से लगभग 385 मिनट की समय बचत होगी। यह निर्णय परिचालन दक्षता बढ़ाने एवं यात्रियों के कुल यात्रा समय में कमी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्नड ट्रेनों की संशोधित समय निम्नानुसार रहेगा।

## पं. विष्णु शर्मा के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा २२ मई से

**कथा आयोजन समिति अध्यक्ष संजय नीमा बनाये गये**

**मंदसौर।** नीमा समाज मंदसौर के तत्वावधान में 22 से 28 मई तक हाटकेश्वर भवन, नरसिंह घाट मंदसौर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य पंडित विष्णु जी शर्मा के मुखारविंद से होगा।



पं. विष्णु शर्मा



संजय नीमा

समाज अध्यक्ष निलेश डोसी ने बताया कि 22 मई, शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे भव्य कलश यात्रा कुमावत धर्मशाला से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक निकाली जाएगी। वहीं 23 मई से प्रतिदिन दोप. 3 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का आयोजन होगा। आयोजन को सफलता एवं भव्यता प्रदान करने हेतु कथा आयोजन समिति का गठन किया गया है इस समिति के अध्यक्ष संजय नीमा, उपाध्यक्ष सुनील कटलाना, सचिव सुधीर नीमा व कोषाध्यक्ष मनोज साकी को बनाया गया है। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के दौरान संगीतमय कथा, आकर्षक झांकियाँ, महाआरती एवं प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

## अस्वच्छ परिस्थितियों में नमकीन निर्माण पर कार्रवाई

**नीमच, ।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश के निदेर्शानुसार, गुरूवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुकड़ेश्वर एवं रामपुरा में खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मैसर्स श्री साईं कृपा नमकीन, मनासा-रामपुरा रोड, कुकड़ेश्वर में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में बिना वैध खाद्य पंजीयन के नमकीन का निर्माण, पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय करना पाया गया। पैक किए गए नमकीन के पैकेटों पर नियमानुसार पैकिंग दिनांक, बैच नंबर, लाइसेंस नंबर आदि जानकारी अंकित नहीं पाई गई। लेबल पर निमार्ता का पता, जूनी भदाना, तहसील मनासा अंकित था, जबकि निर्माण कुकड़ेश्वर में किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा टीम ने उक्त परिसर को तत्काल शटडाउन करवाकर क्रय-विक्रय बंद कराया।



## सर्वाधिक स्वच्छता फिडबैक करने पर अध्यक्ष सोनी ने कर्मचारी का किया सम्मानित

**सुसनेर।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी योजना अंतर्गत नगर परिषद सुसनेर द्वारा नगर की स्वच्छता की रेटिंग बढ़ाने के उद्देश्य से सर्वाधिक फिडबैक करने पर नगर परिषद के कर्मचारी प्रतीक भूतड़ा को नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष सोनी ने कहा कि नगर परिषद का जो भी कर्मचारी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा। आप सभी कर्मचारी ईमानदारी से अपना कार्य करें। एवं स्वच्छता के फिडबैक बढ़ाकर सुसनेर नगर को नंबर वन बनाने में अपना योगदान दे।

## सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन का परिणाम उत्कृष्ट रहा






**खाचरोद।** सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। वाणिज्य संकाय की यशवी राठौर ने 84.6, रत्नराज सेठिया ने 82.4 एवं श्रेया लुणावत ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। वहीं विज्ञान संकाय की छात्रा पलक पोरवाल ने 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती वीना कुंदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके सतत परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित कर विद्यालय एवं समाज का नाम गौरवान्वित करेंगे। विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति की ओर से सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रेम खत्री ने सीबीएसई 12वीं में हासिल किए 94.6 फीसदी अंक




**सारंगपुर।** नगर के किराना व्यापारी कैलाश खत्री पुत्र प्रेम खत्री ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 94.6 फीसदी प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। प्रेम खत्री फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सारंगपुर मे पढ़ाई की और वर्तमान में इंदौर मे सीए की तैयारी कर रहे हैं। प्रेम ने बिना कोचिंग के 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर एवं अपने माता-पिता का नाम गौरविंत किया। नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी प्रेम को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत परिणाम रहा


### तहसील में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया





**बड़नगर।** विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को घोषित हुए सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर तहसील में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य संकाय में छात्र अक्षत पिता मनोज परमार ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर व विद्यालय का नाम गोरवान्वित किया। इसी प्रकार कला संकाय में अंकित पिता आनन्दीलाल जाट ने 91.6 प्रतिशत अंक तथा ऋषिराजसिंह पिता दिग्विजयसिंह राणावत ने विज्ञान संकाय में 87.6 प्रतिशत एवं इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित कक्षा 12वीं में विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के कुल 72 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें से प्रथम श्रेणी में 39 परीक्षार्थी एवं 33 परीक्षार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त कर तहसील में नगर व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। संस्था संचालक मनोज संगतानी ने बताया कि विद्यालय की यह सफलता महज एक परिणाम नहीं बल्कि अनगिनत प्रयासों, एकाग्रता एवं दृढ़ता का प्रतिबिंब है। जिसकी वजह से विद्यार्थी लगातार सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर रहे है। विद्यार्थियों की इस स्वर्णिम उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का ही प्रतिफल है । विद्यालय निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता प्रदान करने के लिए वर्षो से कटिबद्ध है। इस अवसर पर संस्था निर्देशक विश्वास संगतानी ने सफलता प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था प्राचार्या इंदू पंजाबी एवं समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों की अपार सफलता पर हर्ष जताया एवं बधाई प्रेषित की। जानकारी संतोष खटोड़ ने दी।

## केशव पांचाल ने कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा में की शानदार सफलता प्राप्त



**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिर डूंगरिया के प्रधानाचार्य बालमुकुंद पांचाल के पुत्र केशव पांचाल ने नवोदय विद्यालय बुरानाबाद से कक्षा 12वीं की विज्ञान विषय की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए तिरान्वे प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की। केशव की शानदार सफलता पर उसके दोस्तों, स्कूली शिक्षकों तथा परिजनों ने उसे बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया छात्र केशव पांचाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा परिजनों को दिया।

सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक बोस भी पहुंचे

# मंडी में शुद्ध पेयजल की मांग पर आंदोलन हम्माल-तुलावटी संघ का प्रदर्शन

### टीआई पर मारपीट का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



कृषि उपज मंडी में शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर बुधवार को हम्माल-तुलावटी संघ द्वारा शुरू किया गया प्रदर्शन पुलिस हस्तक्षेप के बाद बड़ा विवाद बन गया। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस भी मंडी परिसर पहुंचे तथा आंदोलनकारियों तथा प्रशासन से चर्चा कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की।

जानकारी के अनुसार मंडी में लंबे समय से शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच किसान, हम्माल और तुलावटी परेशान हो रहे थे। हम्माल-तुलावटी संघ का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद मंडी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। बुधवार को टंकी में दूषित पानी मिलने पर संघ के सदस्य जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा करने पहुंचे, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें बाहर कर दिया गया।

इसके बाद नाराज संघ सदस्यों ने मंडी का गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर टीआई नरेंद्रसिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मंडी प्रशासन के इशारे पर टीआई ने तुलावटी संघ के अध्यक्ष बाबूलाल के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोट आई। घटना के बाद हम्माल और तुलावटी आक्रोशित हो गए और सड़क पर बैठकर मंडी सचिव आश्विन सिन्हा, प्रांगण प्रभारी लोकेश मिश्रा और टीआई नरेन्द्र सिंह परिहार को निलंबित करने की मांग करने लगे। विधायक दिनेश जैन बोस ने भी उनकी मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें न्याय देने की बात कही। विधायक भी उनके समर्थन में भरी धूप में उनके साथ सड़क पर बैठ गये। मौके पर एसडीएम अजय हिंगे, एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा, तहसीलदार संतुष्टि पाल और नायब तहसीलदार राजेश चैहान पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन संघ सदस्य तत्काल निलंबन की मांग पर अड़े रहे। दिनभर मंडी परिसर में नाटकीय घटनाक्रम चलता रहा। प्रदर्शनकारी कभी विधायक के साथ सड़क पर धरने पर बैठ जाते तो कभी अधिकारियों से चर्चा करने अंदर चले जाते।

काफी नोक झोंक व जद्दोजहद के बाद विधायक बोस के हस्तक्षेप पर पीड़ित के आवेदन पर कार्यवाही के आश्वासन के बाद आवेदन प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया जिसका वाचन पीड़ित हम्माल द्वारा विधायक व जिला पंचायत सदस्य प्रतापसिंह आर्य की उपस्थिति में सार्वजनिक रुप से कर दिया गया। जिसके बाद हम्माल का मेडिकल कराया गया। शाम 6 बजे बड़े कांटे पर उपज का तौल शुरू हुआ स्थिति नहीं संभलने पर शाम करीब 6 बजे बड़े इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर तौल कार्य शुरू कराया गया। वहीं हम्माल-तुलावटी संघ ने हड़ताल की घोषणा कर दी है। जिसके चलते गुरुवार 14 मई से नीलामी कार्य अनिश्चितकालीन बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने किसानों से फिलहाल मंडी में उपज नहीं लाने की अपील भी की है। मामले में मंडी सचिव आश्विन सिन्हा ने की कहा कि संघ के सदस्य उनके पास नहीं आए थे, बल्कि वे स्वयं उनसे चर्चा करने गए थे। उन्होंने बताया कि पानी टंकियों की सफाई करा दी गई है तथा पुराने प्रांगण में किसानों और हम्मालों के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था भी की जा रही है। वहीं टीआई नरेंद्रसिंह परिहार ने मारपीट के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि दूध का टैंकर निकालने के दौरान बाबूलाल सड़क पर बैठ गए थे। उन्हें हटाने की कोशिश में कपड़े फट गए, लेकिन किसी प्रकार की मारपीट नहीं हुई।

**किसान हुए परेशान, उपज नीलाम किए बिना लौटे**

दिनभर चले विवाद के चलते किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। जिन किसानों की नीलामी हो चुकी थी उनका माल तौल नहीं हो पाया, जबकि कई किसान शाम तक इंतजार करते रहे। माहौल बिगड़ता देख कुछ किसान बिना नीलामी कराए ही अपनी उपज वापस लेकर लौट गए। किसानों के प्रदर्शन के चलते मंडी के बाहर रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था अस्त व्यस्त रही।

भीषण आग से किसान का सपना राख, मुआवजे की मांग तेज

## ग्राम धनोंडिया में आधी रात हुई आगजनी से लाखों का नुकसान, प्रशासन हरकत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



उज्जैन जिले की झारड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम धनोंडिया में बीती रात एक हृदयविदारक आगजनी की घटना ने किसान परिवार की वर्षों की मेहनत को कुछ ही पलों में राख में बदल दिया। जानकारी के अनुसार किसान शिवनारायण पिता गुलाबसिंह बोरलिया के वेयरहाउस (गोडाउन) में रात करीब 3 बजे अचानक भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग अपना विकराल रूप दिखा चुकी थी और पूरा गोडाउन जलकर खाक हो गया। इस हादसे में लगभग 200 क्विंटल गेहूं, लहसुन, पाइप, मोटरसाइकिल, कुएं की मोटर सहित कृषि से जुड़े अनेक संसाधन नष्ट हो गए। प्राथमिक अनुमान के अनुसार किसान को 5 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा नुकसान टल गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने तत्परता दिखाते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार झारड़ा से चर्चा की और राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रकरण दर्ज कर पीड़ित किसान को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नुकसान का आकलन कर जल्द राहत राशि स्वीकृत की जाए।

यह घटना एक बार फिर किसानों की असुरक्षा और प्राकृतिक-आकस्मिक आपदाओं के सामने उनकी मजबूरी को उजागर करती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

## भाजपा उज्जैन ग्रामीण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 16 व 17 मई को

**बड़नगर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत उज्जैन जिला ग्रामीण का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 16 और 17 मई को इंद्रप्रस्थ गार्डन, बड़नगर में होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने कहा कि भाजपा समय-समय पर प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति से जोड़ती रही है। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण, अनुशासन पर खास ध्यान रहेगा। प्रशिक्षण वर्ग के जिला प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि पहले चरण में जिले के 23 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक हो चुके हैं। अब दूसरे चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित, सक्षम बनाता है। वर्ग में अलग-अलग विषयों पर वक्ता अपेक्षित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। विभिन्न प्रकार की व्यवस्था प्रभारी बनाएं जिसमें प्रमुख रूप से डिजिटल पंजीयन मीडिया विभाग प्रदर्शनी सभा मंच व्यवस्था साज सज्जा यातायात पार्किंग भोजन व्यवस्था मोबाइल पार्किंग समेत 8 प्रकार की व्यवस्थाएं हेतु टोली प्रभारी बनाए गए हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने बताया कि जिले की पांच विधानसभा क्षेत्र के 23 मंडलों से 170 से अधिक अपेक्षित भाजपा पदाधिकारी प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगे।

## दो दिवसीय ब्लॉक के चलते देरी से आई तीन यात्री गाड़ियाँ

**महिदपुर रोड ।** कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेल्वे के कोटा-नागदा मुख्य रेल खंड पर स्थित कँवल पूरा-दरा सेक्शन में आर्च ब्रिज संख्या 148 के समीप बॉक्स पुशिंग (कट एवं पुश) पद्धति से नये रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण हेतु आरएच गर्डर लॉन्चिंग के कारण दो दिवसीय ब्लॉक के पहले दिन14 मई गुरुवार को अप लाइन की नगर रेल्वे स्टेशन पर आने वाली यात्री गाड़ी संख्या 19038 अवध एक्सप्रेस 5 घंटे देरी से यात्री गादी संख्या 19104 (कोटा- रतलाम मेमू) लगभग 0 3 घंटे 35 मिनिट, तथा यात्री गाड़ी संख्या 124 66 (जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस) लगभग 02. 30 घंटे नगर के रेलवे स्टेशन पर देरी से आई ॉ वहीं 15 मई शुक्रवार को अप दिशा में गाड़ी संख्या 19038 (बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस) लगभग 02 घंटे 30 मिनट, गाड़ी संख्या 19104 (कोटा-रतलाम मेमू) लगभग 01 घंटे 30 मिनट, गाड़ी संख्या 12466 (जोधपु र- इंदौर एक्सप्रेस) लगभग 30 मिनट देरी से आगे की स्टेशनों पर पहुंचेगी। दो दिवसीय निर्धारित समयावधि के ब्लॉक अवधि के दौरान अनिर्धारित एवं विलंब से चलने वाली गाड़ियाँ तथा विशेष गाड़ियाँ भी विनियमित की जा सकती हैं।

नशा कारोबारियों पर सुसनेर पुलिस का शिकंजा, लगातार हो रही कार्रवाई

# तीन वर्षों में नशे के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्रवाई, सुसनेर पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में हड़कंप

### थाना प्रभारी अक्षय बैस के नेतृत्व में नशे के खिलाफ सख्ती जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर




थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। थाना प्रभारी अक्षय बैस के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 16 फरवरी से लेकर अब तक पुलिस ने कुल 24 से अधिक कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसा है।

पुलिस की लगातार कार्रवाई से नशा कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। वहीं आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है। जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षों में थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ सबसे अधिक कार्रवाई वर्तमान कार्यकाल में हुई है। थाना प्रभारी अक्षय बैस द्वारा पदभार संभालने के बाद से ही अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। पुलिस टीम लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कई मामलों में आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब, गांजा और अन्य मादक पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। लगातार हो रही कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगता दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि थाना प्रभारी अक्षय बैस ने चार्ज संभालते ही जिले की सबसे बड़ी जुआ कार्रवाई को अंजाम देकर सुर्खियां बटोरी थीं। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 32 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में नगदी एवं जुआ सामग्री भी जब्त की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। इस कार्रवाई के बाद जिलेभर में सुसनेर पुलिस की सक्रियता की चर्चा हुई थी।

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में पुलिस की सक्रियता पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। देर रात गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच एवं लगातार दबिश की कार्रवाई से अपराधियों में डर का माहौल बना हुआ है। वहीं युवाओं को नशे से बचाने के लिए भी पुलिस द्वारा जागरूकता गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है। थाना प्रभारी अक्षय बैस का कहना है कि सुसनेर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। नशे के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में मेडिकल स्टोर 20 मई को बंद रहेंगे

**मक्सी।** आगामी 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी केमिस्ट्स बंद को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर आयोजित आंदोलन के समर्थन में मक्सी नगर के स्थानीय मेडिकल संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जिलाध्यक्ष विकास सिंदल ने कहा की सरकार की नीतियों और ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री से पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक, जीएसआर 817 को वापस लेने तथा कोविड काल में लागू जीएसआर 220 अधिसूचना समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नकली और एक्सपायरी दवाओं का खतरा बढ़ रहा है, जिससे मरीजों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। साथ ही बड़े कॉरपोरेट घरानों को भारी छूट दिए जाने से छोटे व्यापारियों पर संकट खड़ा हो गया है। बैठक में सभी मेडिकल संचालकों से 20 मई को पूर्ण बंद में शामिल होने की अपील की गई।

उच्च शिक्षा के लिए अंचलों के छात्रों को कर रहे प्रेरित

## कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रवेश व छात्रवृत्ति की जानकारी




**शुजालपुर।** जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों ने एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिटी का दौरा कर छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। अभियान के दौरान पूजा साँखला ने महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की, वहीं संगीता सोनी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान शुजालपुर एवं आसपास के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में चलाया जा रहा है, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया को समझ सके और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हो। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्चना गावंडे, डॉ. गुलाब मेवाड़ा एवं डॉ. सीमा राजपूत उपस्थित रहे। महाविद्यालय टीम ने शासकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीएस मालवीय सहित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा प्रवेश कैलेंडर का वितरण भी किया। प्रवेश प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि प्रथम चरण में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 1 मई से 15 मई तक पंजीयन किए जा रहे हैं। वहीं डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी साझा की।

## हाइलिंक सिटी कॉलोनी में नकाबपोश बदमाशों की दस्तक

### मकान का मेन गेट काटने का प्रयास



**शुजालपुर।** शहर की हाइलिंक सिटी कॉलोनी में देर रात नकाबपोश बदमाशों की गतिविधियों से रहवासियों में दहशत का माहौल बन गया। बदमाशों ने एक मकान के मेन गेट को काटकर अंदर घुसने का प्रयास किया, लेकिन किसी आहट या निगरानी की आशंका के चलते मौके से फ रार हो गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार वारदात कॉलोनी निवासी प्रमोद जैन के मकान के बाहर हुई। घटना रात करीब 3 बजे की बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में कुछ नकाबपोश युवक संदिग्ध गतिविधियां करते हुए नजर आए हैं। बताया जा रहा है कि बदमाश करीब एक घंटे तक कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में घूमते रहे तथा कई स्थानों की रेकी भी की। हालांकि घटना के बाद क्षेत्र में कोई चोरी होने की सूचना सामने नहीं आई है, लेकिन लगातार हो रही संदिग्ध गतिविधियों ने रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले चार दिनों से कॉलोनी और आसपास के इलाकों में अज्ञात लोगों की आवाजाही देखी जा रही थी। कई स्थानों पर लगे कैमरों में भी संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। स्थानीय रहवासी प्रशांत शर्मा ने बताया कि कॉलोनियों के आसपास नियमित पुलिस गश्त नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं। रात के समय सुरक्षा व्यवस्था कमजोर रहने का फायदा उठाकर बदमाश क्षेत्र में सक्रिय बने हुए हैं।

## सेंट जोसफ स्कूल कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में छात्रों को सफलता





**महिदपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नें दिनाँक 13/05/2026 को कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें नगर में स्थित सेंट जोसॅफ कॉन्वेंट सीनियर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। जिसमें वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी विरम सेवक 90.4 प्रतिशत, विज्ञान संकाय के विद्यार्थी अदिती राठौर 81.8 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबी थॉमस, उप प्राचार्य अनिष थॉमस के साथ-साथ शिक्षक/शिक्षिकाओं नें सभी छात्र/छात्राओं को हार्दिक बधाईयाँ देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं दी।

# किताबों से दूर भागता है बच्चा तो अपनाएं ये तरीके

## कुछ ही दिनों में लगने लगेगा पढ़ाई में मन



**माता-पिता बच्चे के अच्छे गुणों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए अभिभावक उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बच्चों को अच्छे स्कूल में भेजने की प्रयास करते हैं, उनके लिए कोचिंग और अन्य सभी जरूरी चीजें उपलब्ध कराते हैं, ताकि बच्चा मन लगाकर पढ़ सके और अपनी शिक्षा पूरी कर सके। हालांकि बाल मन पढ़ाई से अधिक खेलकूद में रुचि रखता है।**



कई बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता है। कई बार वह माता पिता के कहने पर पढ़ने तो बैठ जाते हैं लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं होता। कई बार माता पिता डांट फटकार कर बच्चों पर दबाव बनाते हैं। हालांकि डांटने या जबरन पढ़ाने से बच्चे की रुचि पढ़ाई में नहीं बढ़ती। आइए जानते हैं कि अगर आपका बच्चा भी पढ़ाई से मुंह चुराता है, तो क्या करें कि उनका मन पढ़ाई में लगने लगे।

### प्रोत्साहन दें

बच्चे माता पिता से सराहना की उम्मीद रखते हैं। आपसे तारीफ सुनने के लिए वह पढ़ाई में मन लगाने का प्रयास कर सकते हैं। हालांकि अभिभावक अक्सर ही तुलना करके उनका मनोबल क म



करते हैं। ऐसा न करें, हर वक्त बच्चे की गलती निकालने और दूसरों से तुलना करने के बजाए उनकी तारीफ करें। तारीफ से वह प्रोत्साहित होंगे और काम में मन लगेगा।

### दबाव न डालें

बच्चों को किसी काम के लिए समझाने और दबाव डालने में फर्क है। उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। हर समय पढ़ाई का दबाव डालने से उसके ऊपर नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगता है। इस कारण बच्चे को पढ़ाई बोझ की तरह लगती है। इसलिए उनपर जरूरत से अधिक दबाव न बनाएं, हंसते-खेलते बच्चों को पढ़ाई की कठिन बातें समझाने की कोशिश करें।

# बच्चों को बनाना है स्मार्ट और कॉन्फीडेंट, तो अपनाएं ये टिप्स



कॉन्फिडेंट बच्चे खुद के लिए निर्णय लेने में जरा भी देर नहीं लगाते। बच्चों के डेवलपमेंट में उनके पेरेंट्स का पूरा हाथ होता है। अपने बच्चों के लिए खुद को अच्छा रोल मॉडल बनाकर उनका कॉन्फिडेंस बढ़ाने में मदद करना हम पेरेंट्स का ही तो काम है। इससे न सिर्फ उनका फ्यूचर ब्राइट होता है, बल्कि उनका वर्तमान भी बेहतरीन हो जाता है।

कुछ बच्चे हमेशा स्ट्रेस में रहते हैं, जो किसी भी काम को करने में सक्षम नहीं हो पाते।इसके पीछे उनके घर के वातावरण का असर माना जाता है। घरेलू वातावरण का बच्चों के डेवलपमेंट पर भी असर करता है। इसलिए ऐसे में घर का वातावरण हमेशा हंसी खुशी का होना चाहिए और बच्चों के किए गए कामों को प्रोत्साहन देना चाहिए। उनके मनोबल को बढ़ाना चाहिए, जिससे वे आत्मविश्वासी बने। ऐसे में जानते हैं कुछ ऐसी टिप्स के बारे में, जो आपके बच्चों को स्मार्ट और कॉन्फिडेंट बनाने में मदद करते हैं।

### हमेशा पॉजिटिव रहें

किसी भी तरह की सफलता के पीछे हमारी पॉजिटिविटी का ही हाथ होता है। ऐसे में अपने बच्चों को हमेशा सकारात्मक बने रहने की प्रेरणा दें और उनके सकारात्मक कार्यों के असफल होने पर भी उन्हें प्रोत्साहित करें और बताएं कि हार और जीत जिंदगी का ही हिस्सा है और इससे सीख लेना चाहिए।

### बच्चों को उनके विचारों को समझने में मदद करें

बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके अंदर आत्म-निरीक्षण की भावना पैदा करनी चाहिए। इसके लिए हमें उनके विचारों और शक्तियों को समझने में मदद करनी होगी। इसके लिए आप उन्हें ॐ मंत्र का जाप करना सिखाएं और साथ में मेडिटेशन भी।

### ईश्वर क्या है ये बताएं

बच्चों को अपने जीवन मूल्यों को समझने और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाने के लिए सबसे पहले ईश्वर क्या है ये जरूर बताएं। ईश्वर की शक्ति और उन पर विश्वास की भावना को जगाएं।

### आध्यात्म से परिचय कराएं

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को और भी अधिक लचीला बनाए रखने के लिए उनका आध्यात्मिक विकास जरूरी है। इससे बच्चों में विचार शक्ति का विकास होता है, जो उन्हें सही-गलत में अंतर को समझने में मदद करता है, जिससे उनमें निर्णय लेने की शक्ति का विकास होता है।

### बच्चों तुम अपना बेस्ट दो

बच्चों में अपना बेस्ट करने की भावना को प्रोत्साहित करें। उन्हें बताएं कि वह जो कर रहे हैं, उसमें अपना सर्वोच्च दें। सफलता मिलेगी या नहीं इसकी चिंता न करें। जीवन में हर चीज के लिए तैयार रहे और जो भी कर रहे हो उसे सफलता में बदलकर ही दम लो। किसी भी काम पर फोकस करना और फिर सफलता के लिए अभ्यास बच्चों को आत्मविश्वासी बनाने में मदद करता है और साथ ही निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए बच्चों को अभ्यास की आदत जरूर डालें और फोकस करना सिखाएं।

# Sport



## अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारण अक्षर और पंत पर लटकी तलवार

# तीन आईपीएल कप्तानों की छुट्टी संभव

## लीग के समापन के बाद होगा भविष्य का फैसला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण तीन फ्रेंचाइजी के कप्तानों को पद से हाथ धोना पड़ सकता है। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल और कोलकाता नाइट राइडर्स के अजिंक्य रहाणे पर यह तलवार लटक रही है। लीग का समापन 31 मार्च होगा। उसके बाद ही तीनों के भविष्य का फैसला होगा।

तीनों लगातार दो सत्र से कमान संभाल रहे हैं लेकिन टीमों को प्लेऑफ में ले जाने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। आधिकारिक रूप से अभी सिर्फ लखनऊ ही टूनार्मेंट से बाहर हुई है। लेकिन सभी व्यावहारिक कारणों से रहाणे की टीम कोलकाता और अक्षर की दिल्ली के भी लीग के आखिरी दौर में बने रहने की उम्मीद कम है।

आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, अक्षर अपनी कप्तानी की काबिलियत साबित करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। ज्यादातर फैसले लेने के लिए हेमांग बदानी और वेणुगोपाल राव पर निर्भर हैं। ऐसे में अगर वह अगले साल भी कप्तान बने रहते हैं तो यह एक चमत्कार होगा। दिल्ली के पूरे कोचिंग स्टाफ को भी रिटेन किए जाने की उम्मीद कम है। 2027 में होने वाली मेगा नीलामी में अक्षर को बतौर खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता है। पंत ने अलग-अलग क्रम पर पर बल्लेबाजी करने की कोशिश की है लेकिन अक्सर ऐसा लगा है कि वह अपने कंधों पर काफी बोझ उठाए हुए हैं। उनके बल्ले की लय भी गायब है और टीम संयोजन के कुछ फैसलों ने टीम के समर्थकों को भी हैरान कर दिया है। लगातार दो सत्र के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना लखनऊ के मालिक संजीव गोयंका को शायद ही पसंद आए। वहीं कोलकाता में रहाणे की नियुक्ति काफी हद तक 'कोई विकल्प नहीं' होने के कारण हुआ मामला था।




### सूर्यवंशी और प्रियांश भारत ए टीम में

**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को नौ जून से श्रीलंका में शुरू होने वाली 50 ओवर की त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है। टूनार्मेंट में मेजबान श्रीलंका और अफगानिस्तान ए टीमें भी हिस्सा लेंगी। सभी मुकाबले दाम्बुला में खेले जाएंगे। चयनकर्ता सूर्यवंशी को आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से पहले परखना चाहते हैं। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे। भारत ए टीमः प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, आयुष बडोनी, निशांत सिंधू, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, कुमार कुशाग्र, विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान। तीनों टीम आपस में दो-दो मैच खेलेंगी।

### एशियाई भारोत्तोलन में अजीत को कांस्य पदक

**गांधीनगर।** अजीत नारायण ने गुरुवार को पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते। इससे भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला।

## तिलक ने पंजाब किंग्स को पांचवीं हार थमाई

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला

शुरूआती सात मुकाबलों में अजेय रहने वाली पंजाब किंग्स की टीम को गुरुवार को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। तिलक वर्मा की 75 रन की नाबाद पारी से मुंबई इंडियंस ने पंजाब को एक गेंद रहते छह विकेट से करारी शिकस्त दी।

इस पराजय से पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। अब उसे अपने अंतिम दोनों मुकाबले जीतने होंगे। एक भी हार उसके आगे की राह मुश्किल कर सकती है। मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मुंबई ने 201 रन का लक्ष्य 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर हासिल कर लिया।

**छह गेंद में चाहिए थे 15 रन :** मुंबई को अंतिम छह गेंद में 15 रन चाहिए थे। बार्टलेट की पहली गेंद पर विल जैक्स ने छक्का जड़ा। अगली पर एक रन लेकर स्ट्राइकर तिलक को दी। तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना। तिलक ने चौथी और पांचवीं गेंद पर लगातार दो छक्के जड़कर टीम का विजय तिलक किया। तिलक ने जैक्स (25) के साथ पांचवें विकेट के लिए अटूट 56 और रदरफोर्ड (20) के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी निभाई।

### अंजी और सोनिया ने स्वर्ण पदक जीते

**ताशकंद।** अंजी (37 किलो), सोनिया (40 किलो) और तन्वी (43 किलो) सहित सात भारतीय लड़कियों ने गुरुवार को एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। इन तीनों के अलावा हंसिका अत्री (46 किलो), सुनैना (58 किलो), भूमिका (61 किलो) और एंजेल (70 किलो) अपने-अपने भार वर्ग में चैंपियन बनीं।

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी देने वाला तकनीकी मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारियों और कारोबारियों को धमकी देने वाले मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग के तकनीकी मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्चुअल नंबर बनाकर उन्हीं नंबरों से धमकी भरे कॉल करता था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर गैंग से जुड़े अन्य राज भी खंगाल रही है। दरअसल इंदौर शहर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारियों और व्यवसायियों को धमकियां देने के मामले में क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी राजपाल चंद्रावत से पूछताछ के आधार पर उज्जैन निवासी नाना उर्फ रोहित बर्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी रोहित बर्रा गैंग को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराता था और वर्चुअल नंबर जनरेट कर उन्हीं नंबरों के जरिए कॉलिंग और धमकी देने जैसी गतिविधियों को अंजाम देता था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह गैंग की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा भी उसके साथ काम कर रहा था। पुलिस को आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी मिला है, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। क्राइम ब्रांच अब आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है।

### खजराना इलाके में घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदला, पिता ने किया हमला



**इंदौर।** खजराना इलाके में गुरुवार सुबह घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक व्यक्ति ने अपने ही बेटे और पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय साजिद खान पर उसके पिता जाहिद ने चाकू से हमला किया। बीच-बचाव करने आई पत्नी शमा को भी आरोपी ने घायल कर दिया। परिचितों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से साजिद और उसके पिता जाहिद के बीच विवाद चल रहा था। गुरुवार सुबह जब साजिद घर में सो रहा था, तभी जाहिद ने अचानक उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में साजिद के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि उसकी मां शमा के हाथ में चोट लगी है। घटना के बाद दोनों घायलों को परिचित इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी जाहिद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। पूरे घटनाक्रम का उउळश वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने जांच के लिए फुटेज अपने कब्जे में ले लिया है।

### बिजली बंद करने का कारण पूछने पर हुआ विवाद, आरोपियों की तलाश में पुलिस

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर इलाके में एक युवक के साथ तीन भाइयों ने मिलकर मारपीट की। बताया जाता है कि आरोपियों ने डीपी से इलाके की बिजली बंद कर दी थी। जब युवक कारण जानने के लिए वहां पहुंचा तो विवाद बढ़ गया और उस पर हमला कर दिया गया। चंदन नगर पुलिस के अनुसार, शाहनवाज खान निवासी केशव नगर की शिकायत पर अनवर पुत्र सलीम, फारूख और सिद्दकी के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है। शाहनवाज ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे अचानक घर की बिजली वोल्टेज कम होने के बाद बंद हो गई थी। वह जब बाहर निकला तो देखा कि डीपी के पास तीनों भाई खड़े थे। उसने वहां कारण पूछा तो आरोपियों ने उसे वहां से जाने के लिए कह दिया। जब उसने एमपीईबी (बिजली विभाग) को बुलाने की बात कही, तो तीनों ने उस पर हमला कर दिया। टीआई तिलक करोले के अनुसार, अनवर और उसके भाई आए दिन विवाद करते हैं। इससे पहले दिसंबर माह में भी अनवर और सिद्दकी ने एमपीईबी के रीडर लखन मालवीय के साथ मारपीट की थी, जिसमें शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। अनवर पर पहले से भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### फोन पर मंगेतर से हुई कहासुनी के बाद युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने गुरुवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह अपनी मंगेतर से बात कर रहा था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद युवक ने यह कदम उठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना मूसाखेड़ी क्षेत्र की है। यहां रहने वाले प्रथम तंबोली (20) ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात रिश्तेदारों ने उसे फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद तत्काल उसे नीचे उतारा गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि प्रथम की मंगेतर छावनी क्षेत्र में रहती है। घटना वाली रात वह प्रथम के घर पहुंची थी। उसी ने पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी। मंगेतर के मुताबिक दोनों के बीच बातचीत चल रही थी और इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके कुछ देर बाद प्रथम ने आत्मघाती कदम उठा लिया। प्रथम निजी काम करता था। घटना के समय उसका भाई और पिता शिवपुरी गए हुए थे, जबकि उसकी मां अरबिंदो अस्पताल में ड्यूटी पर थीं। सूचना मिलने के बाद रिश्तेदारों ने परिवार को फोन कर बुलाया। परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले ही प्रथम और उसके भाई की सगाई हुई थी। इसी वर्ष दोनों की शादी होना तय थी। प्रथम लव मैरिज करने वाला था। आजाद नगर टीआई लोकेश भदौरिया ने बताया कि मामले में फिलहाल जांच की जा रही है। घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

### बॉम्बे हॉस्पिटल की नर्सों का आरोप भर्ती परीक्षा के लिए नहीं मिल रही छुट्टी

**इंदौर।** बॉम्बे हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सों ने अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी के आरोप लगाए हैं। नर्सिंग ऑफिसर और सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा 2026 में शामिल होने जा रही कई नर्सों का कहना है कि उन्हें परीक्षा देने के लिए अवकाश नहीं दिया जा रहा है। साथ ही ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई और हॉस्टल खाली कराने तक की चेतावनी दी गई है। जानकारी के अनुसार अस्पताल की करीब 30 से 35 नर्सों ने सरकारी भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया है। यह परीक्षा 15 मई को आयोजित होगी। कई नर्सों के परीक्षा केंद्र भोपाल सहित अन्य शहरों में दिए गए हैं, जिसके चलते उन्हें यात्रा और परीक्षा में शामिल होने के लिए छुट्टी की जरूरत है। नर्सों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने छुट्टी देने से साफ इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि नर्सिंग सुपरिटेंडेंट सीबी जॉर्ज की ओर से एक ऑडियो संदेश जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि 15 मई को जो भी कर्मचारी परीक्षा देने जाएगा, वह अपनी जिम्मेदारी पर जाएगा और अस्पताल की ड्यूटी व्यवस्था में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा। ऑडियो संदेश में यह भी कहा गया कि नियुक्ति के समय परीक्षा के लिए छुट्टी देने का कोई वादा नहीं किया गया था, इसलिए किसी प्रकार का समायोजन संभव नहीं होगा। इससे परीक्षा में शामिल होने वाली नर्सों में नाराजगी है। नर्सों का कहना है कि सरकारी नौकरी की तैयारी करना उनका अधिकार है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन दबाव बनाकर उन्हें परीक्षा से दूर रखने की कोशिश कर रहा है। कई नर्सों ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि यदि वे परीक्षा देने जाती हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। हॉस्टल में रहने वाली स्टाफ नर्सों को भी एक सख्त संदेश भेजे जाने की बात सामने आई है। संदेश में कहा गया कि 14 और 15 मई को किसी भी कर्मचारी को नाइट पास नहीं दिया जाएगा। यदि कोई ड्यूटी से अनुपस्थित पाया गया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और हॉस्टल खाली कराना पड़ सकता है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद अस्पताल में कार्यरत कई नर्सें मानसिक दबाव में हैं। उनका कहना है कि यदि वे सरकारी नौकरी की परीक्षा देने जाती हैं तो उनकी निजी नौकरी खतरे में पड़ सकती है।

## इंदौर में जल संकट को लेकर कांग्रेस ने शहर सरकार पर हमला बोला

# सभी जोन कार्यालयों के सामने प्रदर्शन कर मटके फोड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में जल संकट को लेकर कांग्रेस ने शहर सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं के नेतृत्व में सभी जोन कार्यालयों के सामने प्रदर्शन कर मटके फोड़े। जोन-5 में सुखलिया चौराहा पानी की टंकी के पास कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया के नेतृत्व में रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं और रहवासियों ने नारेबाजी की और मटके फोड़कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों, विधायक, महापौर और एडिशनल कमिश्नर को चेतावनी दी कि जल संकट हल नहीं हुआ तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**आधी आबादी तक नहीं पहुंच रहा नर्मदा का पानी-** इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आरोप लगाया कि नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर गंभीर जल संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की आधी आबादी तक नर्मदा का पानी नहीं पहुंच पा रहा है और जहां पानी पहुंच रहा है वहां भी पर्याप्त दबाव और समय तक सप्लाई नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में गंदा पानी आने की समस्या अब भी बनी हुई है। चौकसे ने आरोप लगाया कि 35 लोगों की मौत के बाद भी नगर निगम ने स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए।

#### 27 साल के शासन में भी हर घर तक पानी नहीं

कांग्रेस ने भाजपा के 27 वर्षों के नगर निगम शासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने लंबे समय के बाद भी शहर के प्रत्येक नागरिक तक नर्मदा जल पहुंचाने की व्यवस्था नहीं हो सकी। चौकसे ने कहा कि नर्मदा परियोजना के तीसरे चरण के समय दावा किया गया था कि साल 2040 तक की आबादी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा, लेकिन वर्तमान में साल 2026 की आबादी को भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा।

#### बोरिंग और मोटर खराब होने से बढ़ी परेशानी

कांग्रेस का आरोप है कि जिन क्षेत्रों में नर्मदा पाइपलाइन नहीं है वहां लोग बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं। तेज गर्मी के कारण कई बोरिंग सूख गए हैं या मोटरें खराब हो गई हैं। चौकसे ने आरोप लगाया कि नगर निगम के सरकारी बोरिंगों की स्थिति और खराब है। उन्होंने कहा कि पूरे शहर की मोटर सुधारने का ठेका केवल एक ठेकेदार को दिया गया है, जो काम छोड़ने की बात कह चुका है, लेकिन निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की।

#### वीआईपी क्षेत्रों में ज्यादा पानी, आम जनता परेशान

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर में जल वितरण असमान है। कुछ वीआईपी क्षेत्रों में लंबे समय तक और अधिक दबाव से पानी दिया जा रहा है, जबकि आम लोग पानी के लिए परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोग निजी टैंकरों से महंगा पानी खरीदने को मजबूर हैं। पार्षदों को दिए गए टैंकर भी पर्याप्त पानी नहीं भर पा रहे क्योंकि कई हाइड्रेंट बंद पड़े हैं।

#### शहर के किन क्षेत्रों में पानी की ज्यादा किल्लत

कई कॉलोनियों और वार्डों में लोग टैंकर और बोरिंग के सहारे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ संकट और गहरा गया है। आज कांग्रेसी इन क्षेत्रों के बारे में बताएंगे कि कहां-कहां जल संकट है, कम पानी आ रहा है या गंदा आ रहा है।

## स्कूल के समर कैंप में 13 वर्षीय छात्रा से अश्लील हरकत

# बॉयज हॉस्टल का आरोपी वॉर्डन गिरफ्तार

### अन्य बच्चियों ने भी लगाया गलत तरीके से छूने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के एक स्कूल के समर कैंप के दौरान एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 13 वर्षीय छात्रा की शिकायत के बाद गुरुवार देर रात कैंपस में हंगामे की स्थिति बन गई।

सूचना मिलने पर पुलिस हॉस्टल पहुंची और महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में छात्रा व स्टाफ से पूछताछ की गई। मामले में बॉयज हॉस्टल के वॉर्डन विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी वॉर्डन के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, देर रात जब टीम हॉस्टल पहुंची तो आरोपी वहां से फरार हो गया था। शुक्रवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**एबीवीपी कार्यकर्ता पहुंचे कैंपस, किया हंगामा-** पुलिस के अनुसार, रतलाम से समर कैंप में हिस्सा लेने आई छात्रा ने अपने परिजनों को वॉर्डन की आपत्तिजनक हरकतों की जानकारी दी थी। इसके बाद परिचितों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कैंपस पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

#### छोटी बहन के साथ शामिल होने आई थी

राजेंद्र नगर टीआई यशवंत बड़ोले के मुताबिक, पीड़िता छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ समर कैंप में शामिल होने आई थी। कैंप 3 मई से संचालित हो रहा है, जिसमें करीब 18 छात्राएं और 36 छात्र शामिल थे। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाए गए थे। पुलिस के अनुसार, 13 मई की शाम पानी खत्म होने पर छात्रा बोतल लेकर बॉयज हॉस्टल की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान वॉर्डन ने उसके साथ आपत्तिजनक हरकत की।

#### अन्य छात्राओं ने भी की शिकायत

अगले दिन हॉस्टल की कुछ अन्य छात्राओं ने भी बातचीत के दौरान वॉर्डन की शिकायत की। इसके बाद छात्रा ने मोबाइल पर अपनी मां को घटनाक्रम की जानकारी दी। मां की सूचना पर पुलिस कैंपस पहुंची और कार्रवाई शुरू की। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही स्कूल और समर कैंप प्रबंधन से जानकारी मांगी गई है। पुलिस अन्य छात्राओं से भी बातचीत कर मामले की जांच कर रही है।

## नगर परिषद अध्यक्षों के खिलाफ 20 से ज्यादा याचिकाएं खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने नगर परिषद अध्यक्षों के निर्वाचन से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए 20 से अधिक याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस प्रणय वर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि अत्यधिक विलंब से दायर याचिकाओं में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

याचिकाओं में आरोप लगाया गया था कि कई नगर परिषद अध्यक्षों ने वैध राजपत्र अधिसूचना (गजट नोटिफिकेशन) जारी हुए बिना ही पदभार ग्रहण कर लिया और लंबे समय से अध्यक्ष पद का उपयोग कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि ऐसे अध्यक्षों को कार्य करने से रोका जाए और उनकी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां समाप्त की जाएं। याचिकाओं में मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 19, 20 और 45 का हवाला देते हुए कहा गया था कि नगर परिषद अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद राजपत्र अधिसूचना जारी होना अनिवार्य है। बिना अधिसूचना कोई व्यक्ति विधिसम्मत तरीके से अध्यक्ष पद पर कार्य नहीं कर सकता। हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जिन अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है, वे वर्ष 2022 से संबंधित हैं, जबकि याचिकाएं वर्ष 2026 में दायर की गईं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता इतने लंबे समय तक निष्क्रिय क्यों रहे, इसका कोई संतोषजनक कारण प्रस्तुत नहीं किया गया।

### इंदौर में नकली हिट और गुड नाइट का भंडाफोड़

**इंदौर।** इंदौर में नकली कीटनाशक और मच्छर भगाने वाले उत्पादों का कारोबार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुवार को क्राइम ब्रांच और हीरानगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। आरोपी गोदरेज कंपनी के नकली हिट और गुड नाइट उत्पाद बेच रहे थे।

### सावधान जाहिर सूचना

**भूखण्ड क्र.1-ए व 1-बी, एमआर-5 रोड, आगर रोड, उज्जैन के संबंध में** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकारण श्रीमती अनीता पति भगवानदास बासरीमलानी, श्रीमती जया सेवानी, श्रीमती ईश्वरीबाई, टीकमचंद, प्रदीप एवं दिनेश लोंगानी के द्वारा प्रदत्त माहिती एवं निर्देश पर सूचित किया जाता है कि हमारी पक्षकार श्रीमती अनीता पति भगवानदास बासरीमलानी के स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्र.1-ए, एमआर-5 रोड, आगर रोड, उज्जैन है एवं हमारे पक्षकारगण श्रीमती अनीता पति भगवानदास बासरीमलानी, श्रीमती जया सेवानी, श्रीमती ईश्वरीबाई, टीकमचंद, प्रदीप एवं दिनेश लोंगानी के स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्र.1-बी, एमआर-5 रोड, आगर रोड, उज्जैन का है। शमीम अहमद खान पिता सरदार अहमद खान निवासी 120/1, बेगमपुरा मार्ग, शफी की मस्जिद के पीछे, घटिया, उज्जैन द्वारा उक्त दोनों भूखण्डों को फर्जी व कूटरचित वसीयत के आधार पर नगर निगम उज्जैन में नामांतरण के आधार पर अपनी स्वयं की मालिकी व आधिपत्य का बताते हुए सुरेश कौशल पिता श्री मोहनलाल कौशल को अवैध व अधिकारविहीन विक्रय कर दिया है। सुरेश कौशल पिता श्री मोहनलाल कौशल उक्त भूखण्डों को अन्यत्र विक्रय व अंतरण करने को उतारु हैं, जबकि उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। हमारे पक्षकार शीघ्र न्यायालयीन कार्यवाही भी कर रहे हैं, कोई भी व्यक्ति यदि उक्त भूमियों के संबंध में कोई भी लेन देन या क्रय विक्रय का व्यवहार उल्लेखित सुरेश कौशल से करेगा तो वह अवैध अधिकारविहीन व शून्य होगा और संबंधित न्यायालय के निर्णय व जयपत्र से प्रभावित होने के साथ ही भारतीय न्याय संहिता के तहत गंभीर दण्डनीय अपराधों का दोषी होगा।

**अजय शंकर उकास, अभिभाषक**
**ए-19, प्रकृति कॉलोनी, बिचौली हप्सी रोड, इंदौर (म.प्र.)मो. : 98262 44282**

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com